दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 134 | जयपुर, बुधवार, 24 अप्रैल, 2024 | वैशाख, कृष्ण पक्ष- प्रतिपदा, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र के उनियारा में आरक्षण के मुद्दे पर बरसे प्रधानमंत्री मोदी

# ‘कांग्रेस ने एससी-एसटी का कोटा कम कर मुस्लिमों को आरक्षण देने की कोशिश की’

बेधड़क | जयपुर/टोंक

प्रदेश में दूसरे चरण में होने वाले चुनाव को लेकर सियासी पारा गर्म है। दोनों ही प्रमुख दलों के नेताओं के बयानों में भी तल्खी आ गई है। भाजपा अब सीधा कांग्रेस को तुष्टीकरण के मुद्दे पर घेरने की रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एक बार फिर कांग्रेस के मुस्लिम प्रेम पर जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों में हनुमान चालीसा पढ़ने पर एक दुकानदार को मार-मार कर लहूलुहान कर दिया गया।

टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र में मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनपुरिया के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार में एससी-एसटी के आरक्षण में कटौती कर मुस्लिम समाज को देने की कोशिश हुई। प्रदेश में कांग्रेस सरकार में रामनवमी पर जुलूस निकालने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। कांग्रेस पार्टी की सोच हमेशा से तुष्टीकरण की राजनीति की रही है, वो दलित-आदिवासियों को मिले आरक्षण को कम करके मुसलमानों को देना चाहती है, लेकिन ऐसा नहीं होगा।



पीएम ने कहा कि देश में आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा, ये मोदी की गारंटी है।

पीएम मोदी ने अपने दो दिन पहले बांसवाड़ा में मुस्लिम समाज को लेकर दिए बयां का हवाला देते हुए कहा कि मेरे उस भाषण से कांग्रेस को मिर्ची लगी है, लेकिन सच तो सच होता है। 2004 में कांग्रेस ने सबसे पहले आंध्र प्रदेश में एससी-एसटी के आरक्षण में कमी करके मुसलमानों को रिजर्वेशन देने की कोशिश की। यह एक पायलट प्रोजेक्ट था, जिसे बाद में पूरे देश में लागू करने की प्लानिंग थी, लेकिन मंसूबे कामयाब नहीं हो सके। इसके बाद 2011 में फिर से देश में इसे लागू करने की कोशिश हुई। कानूनी अड़चन ने उन्हें रोक दिया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान की परवाह नहीं की, लेकिन हमने ऐसा नहीं होने दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि यदि 2014 के बाद भी कांग्रेस होती तो सरहद पर सैनिकों के सिर काटे जा रहे होते और बम ब्लास्ट हो रहे होते। कांग्रेस राज में तो हनुमान चालीसा पढ़ना भी गुनाह हो गया है। रामनवमी का जुलूस निकालना भी अपराध था।

पीएम मोदी ने आम आवाम से आह्वान किया कि जब भी कांग्रेस के नेता वोट मांगने आए तो उससे सवाल करें और पूछें कि क्या कांग्रेस अब देश की जनता को वादा करेगी कि वो उस आरक्षण को मुसलमानों में नहीं बांटेगी? मोदी संविधान को समझता है, बाबा साहब अंबेडकर की पूजा करने वाला व्यक्ति है। कांग्रेस और इंडी अलायंस जब सत्ता में था तो ये लोग दलितों और पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी करके वोट बैंक पॉलिटिक्स के लिए उनकी खास जमात को अलग से आरक्षण देना चाहते थे, जबकि संविधान इसके खिलाफ है। आरक्षण का हक बाबा साहेब ने दलित, आदिवासी और पिछड़ों को दिया।

### कांग्रेस ने सीरियल ब्लास्ट के आरोपियों को बचाने की कोशिश की

पीएम मोदी ने इस दौरान कांग्रेस को जमकर निशाना बनाया। उन्होंने लोगों के सामने चित्रण रखा कि यदि पिछले 10 सालों में कांग्रेस की सरकार होती तो देश में किस तरह के भयावह हालात होते। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि यदि कांग्रेस होती तो जम्मू कश्मीर में आज भी हमारी सेना पर पत्थर चल रहे होते। सीमा पार से दुश्मन आकर हमारे सैनिकों के शीश काट कर ले जाते और कांग्रेस सरकार कुछ नहीं कर पाती। देश में हर जगह सीरियल ब्लास्ट होते। उन्होंने पूर्ववर्ती गहलोत सरकार पर भी करारा हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तो राजस्थान में भी हुए सीरियल ब्लास्ट के आरोपियों को बचाने का प्रयास किया है।

## जरूरी खबर

### IPL-2024: लखनऊ ने चेन्नई को दूसरी बार हराया



**चेन्नई।** मार्कस स्टोयनिस के शतक की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने IPL-2024 में चेन्नई सुपर किंग्स को 6 विकेट से हराया। LSG की सीजन में पांचवीं जीत है। टीम पॉइंट्स टेबल में 10 अंक के साथ चौथे स्थान पर आ गई है।

चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में मंगलवार को लखनऊ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 210 रन बनाए। लखनऊ ने 211 रन का टारगेट 19.3 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया।

मार्कस स्टोयनिस ने 63 बॉल पर नाबाद 124 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 13 चौके और 6 छक्के जमाए। निकोलस पूरन ने 15 बॉल पर 34 रन का योगदान दिया। मथिश पथिराना को दो विकेट मिले।

### बनासकांठा में भ्रूण लिंग परीक्षण कराते दलाल अरेस्ट

**जयपुर।** राज्य पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ ने गुजरात के बनासकांठा के धानेरा में सफल डिकॉय ऑपरेशन करते हुए भ्रूण लिंग परीक्षण में शामिल दलाल राजूराम विश्नोई पुत्र हरिराम विश्नोई निवासी सांकड़ जिला सांचौर हाल संविदाकर्मी जीएनएम पीएचसी सांकड़ जिला सांचौर को गिरफ्तार किया। अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह ने बताया कि पिछले दिनों पीसीपीएनडीटी सेल जयपुर को जालौर जिले के आसपास के क्षेत्र में भ्रूण लिंग जांच की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना की पुष्टि के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पीसीपीएनडीटी श्री के.के. अवस्थी के निर्देशन में टीम का गठन किया गया। डिकॉय ऑपरेशन के लिए तैयार कार्ययोजना के तहत निरीक्षण दल जालौर पहुंचा। डिकॉय टीम ने दलाल से सम्पर्क किया, जो कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सांकड़ में संविदा रूप में जीएनएम पद पर कार्यरत है।

## चुनावी रण में नया रंग...

# कंगना रनौत ने पाली-जोधपुर में किया रोड शो



बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के चुनावी रण में फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने एंट्री कर दी है। हिमाचल प्रदेश से बाहर निकलकर कंगना अब राजस्थान में वोट मांगने आई हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने मंगलवार को जहां भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में पाली और जोधपुर में रोड शो किया, वहीं कोटा और चित्तौड़गढ़ में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रचार का किया। पाली में शाम को हुए रोड शो के दौरान भाजपा उम्मीदवार पीपी चौधरी ने मारवाड़ी साफा पहनाकर कंगना का स्वागत किया। पुराना बस स्टैंड सुराणा धर्मशाला से शुरू हुए रोड शो के दौरान कंगना ने चुनावी रथ से हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान अभिनेत्री ने फ्लाइंग किस दिया और डांस भी किया। उन्होंने इस दौरान अपने फैंस को ऑटोग्राफ भी दिए।

पाली और जोधपुर में हुए रोड शो के दौरान कंगना रनौत की एक झलक पाने को लोग बेताब नजर आए। कंगना रनौत बुधवार को भी प्रचार अभियान में उतरेंगी। जैसलमेर में कंगना रनौत का सुबह 9 बजे से रोड शो होगा। जैसलमेर में रोड शो करने के बाद कंगना का बाड़मेर के दौरे पर जाएंगी। बाड़मेर में भी रोड शो करेंगी।

## नीमकाथाना जिले के पाटन में हुआ दर्दनाक हादसा

# पुलिस जीप पर पलटा ट्रेलर, 3 मरे

बेधड़क | जयपुर

नीमकाथाना जिले के पाटन में मंगलवार दोपहर को पत्थर से भरा एक ट्रेलर पुलिस की गाड़ी के ऊपर पलट गया। इसमें तीन पुलिसकर्मियों की जान चली गई। सूचना पाकर मौके पर कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच करने में जुटे हैं। यह हादसा दोपहर करीब साढ़े बारह बजे का है, जहां पाटन थाने में तैनात पुलिसकर्मी कांस्टेबल महिपाल, भंवरलाल और शीशराम अपनी सरकारी जीप से थाने की तरफ आ रहे थे। तभी एक पत्थरों से भरा ओवरलोड ट्रेलर पाटन थाने से 7 किमी पहले ही रामपुरा घाटी के पास पलट गया। इस हादसे में दो महिपाल और भंवरलाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक जवान शीशराम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने उपचार को दौरान दम तोड़ दिया। इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने भी दुख जाहिर किया है।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जताया दुख



### हादसे के बाद ड्राइवर हुआ मौके से फरार

घायल पुलिसकर्मी को आनन-फानन में कोटपूतली के जिला अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों की टीम ने कुछ ही समय बाद मृत घोषित कर दिया। यह ट्रेलर हरियाणा की तरफ से आ रहा था। हादसा इतना भयावह था कि पुलिस वाहन चकनाचूर हो गया। इस घटना के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही।

**पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे मौके पर:** मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि घायल पुलिसकर्मी को काफी कड़ी मशक्कत के बाद निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। इसके बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। नीमकाथाना डीएसपी अनुज दल, एएसपी गिरधारी शर्मा, एसपी परवीन नायक नुनावत, एसडीएम राजवीर यादव सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

### सीएम ने सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म किया लॉन्च



बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान की जनता से जुड़ाव को और अधिक मजबूत बनाने के लिए नया सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। यह प्लेटफॉर्म जनता से मुख्यमंत्री के जुड़ाव को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा एवं संवाद को और अधिक सरल व बेहतर बनाएगा। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से राजस्थान की जनता सरकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल्स के माध्यम से इस प्लेटफॉर्म के लॉन्च होने की जानकारी साझा की है। इस वेबसाइट को लिंक http://coverage.bhajanlal-sharma.in पर जाकर विजिट कर सकते हैं। यह नई पहल समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो राजस्थान को एक उत्कृष्ट और सुशासित राज्य के रूप में आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

### आज थमेगा चुनाव प्रचार अब घर-घर जनसंपर्क

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव-2024 का दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस वजह से दूसरे चरण का प्रचार प्रसार 48 घंटे पहले बुधवार शाम 6 बजे से बंद हो जाएगा। इसके बाद प्रत्याशी घर-घर संपर्क कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव-2024 के द्वितीय चरण में मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए चुनाव प्रचार गतिविधियां 24 अप्रैल शाम 6 बजे से थम जाएंगी। दूसरे चरण में 13 लोकसभा क्षेत्रों टोंक-सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, बासंवाड़ा, चितौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां में 26 अप्रैल को मतदान होगा। गुप्ता ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के अनुसार, इन लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय से 48 घंटों की अवधि 24 अप्रैल को शाम 6 बजे से आरंभ होकर मतदान समाप्ति अवधि 26 अप्रैल को शाम 6 बजे तक प्रभावी रहेगी।



### केंद्र सरकार ने किया बड़ा फेरबदल, कइयों को दी नई जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों और संगठनों में मंगलवार को फेरबदल करते हुए 17 अधिकारियों को संयुक्त सचिव या समकक्ष पदों पर नियुक्त किया गया। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि भारतीय आयुध निर्माणी सेवा के 2000 बैच के भारतीय राजीव कुमार को गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी वृंदा मनोहर देसाई को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में संयुक्त सचिव नामित किया गया है। उनका कार्यकाल 12 अप्रैल, 2027 तक होगा। आदेश के अनुसार, असम-मेघालय कैडर के 2007 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी अभिषेक भगोतिया लोकपाल के संयुक्त सचिव होंगे। केंद्रीय सचिवालय सेवा (सीएसएस) अधिकारी राहुल कश्यप को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (एनसीएसके) का सचिव नियुक्त किया गया है।

## भारत ने किया सफल परीक्षण

# बिना GPS के पाक-चीन में तबाही मचा सकती है नई बैलिस्टिक मिसाइल

- 250 किमी से अधिक दूरी तक दुश्मन के ठिकाने को बर्बाद कर सकती है मिसाइल
- नई मिसाइल के आने से एयरफोर्स की ताकत में होगा इजाफा
- GPS-डिनाइड एरिया में भी टारगेट को निशाना बना सकती है मिसाइल

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत ने 250 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक लक्ष्य को भेदने में सक्षम एक हवाई बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। ये परीक्षण अंडमान में किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि मध्यम दूरी की इस बैलिस्टिक मिसाइल के नए संस्करण का सफल परीक्षण मंगलवार को स्ट्रैटिजिक फोर्स कमांड की ओर से किया गया। यूजर लॉन्च ने कमांड की परिचालन क्षमता पर मुहर लगाई है और नई टेक्निक को मान्यता प्रदान किया है। भारतीय वायुसेना ‘मेक इन इंडिया’ के तहत बड़ी संख्या में इजराइली मिसाइलों को हासिल करने की योजना बना रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये एक अनूठी क्षमता प्रदान करती हैं।



### क्रिस्टल मेज-2 मिसाइल का सफल परीक्षण

भारतीय वायुसेना की ओर से सुखोई-30 लड़ाकू विमान से दागी गई ये मिसाइल ऊपर की ओर जाती हैं। फिर तेज रफ्तार से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ती हैं। ये क्रिस्टल मेज 2 मिसाइल है। ये बैलिस्टिक मिसाइल क्रिस्टल मेज 1 से पूरी तरह अलग है, जिसे बहुत पहले भारतीय वायुसेना ने इजराइल से हासिल किया था। क्रिस्टल मेज 2, क्रिस्टल मेज-1 का विस्तारित स्टैंड-ऑफ रेंज एयर-टू-सरफेस मिसाइल है। इस बैलिस्टिक मिसाइल की क्षमता को देखते हुए चीन-पाकिस्तान जरूर टेंशन में होंगे।

### नई मिसाइल की खूबियां

इस बैलिस्टिक मिसाइल के आने से इंडियन एयरफोर्स की ताकत में इजाफा होगा। दावा किया जा रहा है कि यह मिसाइल जीपीएस-डिनाइड एरिया में भी टारगेट को निशाना बना सकती है, जिसे भारत ने कारगिल युद्ध के दौरान फेस किया था। ये बैलिस्टिक मिसाइल एयर डिफेंस सिस्टम से सुरक्षित क्षेत्रों में भी अपने टारगेट को निशाना बना सकती है। भारतीय वायुसेना अब मेक इन इंडिया के माध्यम से बड़ी संख्या में इजराइली मिसाइलें प्राप्त करने की योजना बना रही है क्योंकि यह एक अनूठी क्षमता प्रदान करती है। यह पता चला है कि ये मिसाइल ‘अग्नि’ श्रेणी के हथियारों से संबंधित नहीं है। इससे पहले 18 अप्रैल को डीआरडीओ ने स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल (आईटीसीएम) का सफल परीक्षण किया था। मिसाइल के उड़ान की निगरानी भारतीय वायु सेना के सुखोई-30-एमके-I विमान से की गई। बेहतर और विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए मिसाइल उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से लैस थी।

## जरूरी खबर

### ग्रामीण के बजाय शहरी क्षेत्रों में अधिक हुआ चुनाव



**जयपुर।** प्रदेश में लोकसभा में प्रथम चरण में शहरी क्षेत्रों का मतदान प्रतिशत मतदान प्रतिशत से अधिक है। प्रथम चरण में मतदान वाले 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 58.28 प्रतिशत मतदान हुआ है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में पंजीकृत 71,92,296 मतदाताओं में से 43,72,053 मतदाताओं ने मतदान किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में 1,81,23,245 पंजीकृत मतदाताओं में से 1,02,22,046 मतदाताओं ने मतदान किया है।

### प्रत्याशी ने चुनाव में वोटों का नुकसान का लगाया आरोप

**जयपुर।** हाल्ही में जयपुर शहर लोकसभा सीट से चुनाव लड़े एक प्रत्याशी ने प्रशासन पर चुनाव में वोटों का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। इसको लेकर प्रत्याशी एडवोकेट हरिकिशन तिवारी ने जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है अन्यथा न्यायालय में जाने की चेतावनी दी है। तिवारी का आरोप है कि वे चुनाव में भीम ट्राईबल कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी है। मतदान के दिन कई बूथों का दौरा किया तो उसे शास्त्रीनगर के दो बूथों पर नियम सूचना नियम प्रपत्र पर निर्दलीय प्रत्याशी दिखाया गया। इससे उसे अपेक्षित वर्गों के वोट नहीं मिल पाने से मतदान में नुकसान हुआ है।

### सोटो एवं स्टीयरिंग कमेटी का होगा पुनर्गठन



**जयपुर।** प्रदेश में सुगमतापूर्वक एवं नियमानुसार मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण के लिए स्टेट ऑर्गन एण्ड टिश्यू ट्रांसप्लांटेशन ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) का पुनर्गठन किया जाएगा। साथ ही सोटो के सुगम कार्य संचालन, प्लानिंग एवं नेशनल ऑर्गन एण्ड टिश्यू ट्रांसप्लांट प्रोग्राम की गाइडलाइन के अनुसार गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए स्टीयरिंग कमेटी का भी पुनर्गठन किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा शुभ्रा सिंह के निर्देशों के बाद चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने सोटो एवं स्टीयरिंग कमेटी के पुनर्गठन के लिए सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं।

---

**हॉट सीट बाड़मेर: राजपूत समाज के वोटों पर भाजपा की नजर, मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने ली बैठक**

# रविंद्र भाटी के रोड-शो में दिखे भाजपा नेता मानवेंद्र सिंह जसोल

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान की सबसे हॉट सीट बाड़मेर में पल-पल में राजनीतिक रंग बदल रहा है। यहां से निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे शिव विधायक रविंद्र भाटी को लोगों का अपार साथ मिल रहा है। जिससे भाजपा-कांग्रेस दोनों दलों के रणनीतिकार चितिंत हैं।

भाजपा-कांग्रेस दोनों दलों के नेता बाड़मेर के रण को जीतने के लिए सभी राजनीतिक पैतरें आजमा रहे हैं। लेकिन रविंद्र भाटी वन मैन आर्मी की तरह न सिर्फ दोनों दलों को आरोपों का जवाब दे रहे हैं। बल्कि अपने साथ उन्हीं दलों के नेताओं को दिखाकर पार्टी के समर्थकों की नींद भी हराम कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार देर शाम एक बड़ा रोचक नजारा देखने को मिला। बाड़मेर में रविंद्र भाटी के रोड-शो में भाजपा नेता मानवेंद्र सिंह जसोल नजर आएं।

भाटी के रोड-शो में भाजपा नेता मानवेंद्र सिंह जसोल के दिखने का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके साथ दावा किया जा रहा कि भाटी को जसोल का साथ मिल गया है। क्योंकि आज ही दिन में मानवेंद्र सिंह जसोल राजस्थान के मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ के साथ भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी के पक्ष में राजपूत समाज के लोगों के साथ बैठक भी की।



### राजपूतों को साधने में जुटी भाजपा

बाड़मेर जैसलमेर लोकसभा सीट पर मुकाबला टक्कर का है। इस बीच भाजपा राजपूत वोटर को साधने के तमाम जतन कर रही है। पहले पीएम नरेंद्र मोदी की सभा में मानवेंद्र सिंह को भाजपा में घर वापसी करवा कर राजपूत वोटर्स को साधने का प्रयास किया गया था तो वहीं अब भजनलाल सरकार के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ आज बाड़मेर - जैसलमेर सीट के प्रवास पर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने बाड़मेर और शिव में भाजपा कार्यकर्ताओ की बैठक ली और खासकर राजपूत वोटर्स को साधने का प्रयास किया। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ जैसलमेर पहुंचे और जैसलमेर में राजपूत समाज की विशेष बैठक भी ली। यह बैठक माहेश्वरी सेवा सदन में आयोजित की गई। जहां राजपूत समाज के कई दिग्गजों से राठौड़ ने सीधा संवाद किया। सूत्रों के हवाले जानकारी मिली है कि रविंद्र सिंह को मात देने के किए अब भाजपा राजपूत वोटर्स को मनाने में जुटी है और राज्यवर्धन ने भी भाजपा के पक्ष में मतदान की बात की है।

**राजनीतिक चर्चाओं का दौर शुरू**

रविंद्र भाटी के रोड-शो में दिखने के बाबात मानवेंद्र सिंह जसोल ने कहा कि वो हनुमान जयंती के मौके पर हनुमान जी का दर्शन-पूजन करने मंदिर जा रहे थे। उसी दौरान भाटी का रोड-शो गुजर रहा था। अंदरखाने से चर्चा है कि मानवेंद्र सिंह जसोल, अमीन खान सहित भाजपा-कांग्रेस के कई स्थानीय कद्दावर नेता भाटी को समर्थन दे चुके हैं। लेकिन पार्टी बंधन में बंधे होने के कारण ये लोग खुलकर कुछ भी कहने से बच रहे हैं। अब देखना है कि कल बाड़मेर में प्रचार अभियान के आखिरी दिन थार की राजनीति का ऊंट किस करवट बैठता है।

---

**टोंक में भाजपा की सभा में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा...**

# मिड-डे मील घोटाले में शामिल किसी को नहीं बख्शा जाएगा

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान भी हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 140 करोड़ देशवासियों की सेवा में लगे हुए थे। उस वक्त तत्कालीन राजस्थान की कांग्रेस सरकार मिड-डे मील के घोटालों में लगी हुई थी। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि मिड-डे मील घोटाले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब, महिला, युवाओं के कल्याण के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उनके प्रयासों से राजस्थान में योजनाओं को लगातार मूर्त रूप दिया जा रहा है। शर्मा मंगलवार को टोंक जिले में भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनपुरिया के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अजमेर-सवाईमाधोपुर रेल परियोजना की लंबे समय से मांग थी, जिसे मोदी जी ने स्वीकृत कर दिया। अब इस पर काम भी शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे का 150 किमी क्षेत्र टोंक-सवाईमाधोपुर क्षेत्र में शामिल है, जिससे इस क्षेत्र के लोगों का सुगम आवागमन संभव हो सका है।



### कांग्रेस ने ईआरसपी को लटकाने, अटकाने और भटकाने का काम किया

सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने ईआरसीपी को केवल लटकाने, अटकाने और भटकाने का काम किया है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने इस परियोजना का क्रियान्वयन करवाया। इस परियोजना से टोंक-सवाईमाधोपुर-दौसा सहित पूर्वी राजस्थान के 21 जिलों में पेयजल तथा 2 लाख 80 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो पाएगा।

### 45 प्रतिशत वादे 90 दिन में पूरे किए

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के गठन के 90 दिनों में ही संकल्प पत्र में किए गए 45 प्रतिशत वादे हमने पूरे किए हैं। हमने किसान सम्मान निधि की राशि 6 से बढ़ाकर 8 हजार, गेहूं की एमएसपी 125 रुपये बढ़ाकर 2400 रुपये प्रति क्विंटल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी जैसे निर्णय जनहित में लिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल की दरों में विसंगति को दूर किया गया, साथ ही पेट्रोल की दरों में 3.50 से 7.50 रुपये तथा डीजल की दरों में 3.50 से 6.50 रुपये तक कमी की गई। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को हमारी सरकार पूरा करेगी।

### 25 सीटों पर कमल खिलेगा

शर्मा ने कहा कि 19 अप्रैल को हुए लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में राज्य की 12 लोकसभा सीटें भाजपा जीतेगी। अब 26 अप्रैल को द्वितीय चरण में राज्य की शेष 13 सीटों पर भी भाजपा ही विजयी होगी। उन्होंने कहा कि वे आश्वस्त हैं कि 4 जून के परिणाम में राज्य की सभी 25 सीटों पर कमल का फूल खिलेगा। उन्होंने टोंक जिले में भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनपुरिया को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाने की अपील की।

**सीएम डूंगरपुर में कार्यकर्ताओं को दिए जीत के टिप्स**

डूंगरपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार देर शाम को डूंगरपुर पहुंचे। दोवड़ा हवाई पट्टी पर स्वागत के बाद शहर के एक होटल में भाजपा कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली। बैठक में बांसवाड़ा और उदयपुर लोकसभा सीट पर जीत को लेकर कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार शाम को विशेष चार्टर प्लेन से डूंगरपुर के दोवड़ा हवाई पट्टी पर पहुंचे। उनके साथ बांसवाड़ा सांसद कनकमल कटारा भी प्लेन से आए। हवाई पट्टी पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश पाटीदार, सुशील कटारा समेत कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री कार से डूंगरपुर के तिजवड स्थित एक होटल पर पहुंचे। यहां भाजपा पदाधिकारियों के स्वागत के बाद एक हॉल में कार्यकर्ता मीटिंग ली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा पदाधिकारियों से वन टू वन परिचय लिया। इसके बाद बंद कमरे में पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए बांसवाड़ा और उदयपुर लोकसभा सीट को लेकर फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल बुधवार को मीडिया से बात करेंगे। इसके बाद प्रतापगढ़ जिले के लिए रवाना हो जाएंगे।

---

**पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे बोलीं**

# झालावाड़-बारां ने मुझे 35 साल से निराश नहीं किया



**बेधड़क | जयपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि झालावाड़-बारां की जनता से लगातार मुलाक़ात और चर्चा हो रही है और उनकी मंशा स्पष्ट है। इस क्षेत्र ने तय कर लिया है कि हम पाँचवीं बार भी भाजपा प्रत्याशी दुष्यंत सिंह को रिकॉर्ड मतों से जिताकर सांसद बनाएँगे।

लोगों ने संकल्प ले लिया है कि वे इस लोकसभा क्षेत्र में विकास को वोट और भ्रष्टाचार को चोट करेंगे। राजे मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी सांसद दुष्यंत सिंह के समर्थन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज ऐसे लोग चुनाव लड़ रहे हैं जिनके हाथ में सरकार के ख़ज़ाने की चाबी थी और उस ख़ज़ाने को इन्होंने लूटने का काम किया। जनता की नहीं ख़ुद की सेवा की। जिनके भ्रष्टाचार और अवैध खनन के चर्चे पूरे प्रदेश में रहे। ऐसे लोगों को सबक़ सिखाना होगा।

मैं पूर्व उप राष्ट्रपति स्वर्गीय भैरों सिंह शेखावत को याद करते हुए धन्यवाद देती हूँ कि उन्होंने झालावाड़-बारां जैसे परिवार में भेज कर मुझ पर बड़ा उपकार किया। यह एक ऐसा परिवार है जिसने 35 सालों में कभी मुझे निराश नहीं किया। कितनी ही चुनौतियाँ सामने आई यहाँ के लोग हमेशा मेरे साथ ढ़ाल बनकर खड़े रहे।

---

**200 से अधिक प्रतिभागी मुद्दों पर करेंगे चर्चा**

# प्रबंधन, व्यापार और अर्थव्यवस्था पर हुआ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**बेधड़क | जयपुर**

स्वामी केशवानंद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड ग्राम उत्थान, जयपुर के प्रबंधन अध्ययन विभाग की ओर से "प्रबंधन, व्यवसाय और अर्थव्यवस्था" पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 24-25 अप्रैल हो होगा। सम्मेलन के एफडीआई के विशेषज्ञ और भारतीय प्लांटेशन प्रबंधन संस्थान, बेंगलुरु के निदेशक, प्रोफेसर राकेश मोहन जोशी मुख्य अतिथि होंगे। सम्मेलन में 200 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। 3-4 देशों के विशेषज्ञ प्रतिभागियों को अपना विशेषज्ञता प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन में प्रबंधन, व्यापार और अर्थव्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा। इसमें विभिन्न विशेषज्ञ, प्रोफेसर, और अन्य अतिथि भाग लेंगे जो अपने अनुभवों और शोध के परिणामों को साझा करेंगे। इसके साथ ही,विभिन्न विभागों के अनुसंधानकर्ता भाग लेंगे।



---

**फेसिलिटेशन सेंटर्स पर 2 लाख 13 हजार 144 कार्मिकों ने किया मतदान**

# चुनाव कार्मिक कर रहे मताधिकार का प्रयोग

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में लगे 2 लाख 13 हजार 144 कार्मिक और पुलिस अधिकारियों ने जिलों में बने फेसिलिटेशन सेंटर्स पर अपने मत का प्रयोग किया। पोस्टल बैलेट और ईडीसी की सुविधा का चयन करने वाले कुल कार्मिकों में से 89.08 प्रतिशत कार्मिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं।

दूसरे चरण में मतदान वाली 13 लोकसभा सीटों में कार्मिक 25 अप्रैल तक मतदान कर सकेंगे। प्रदेश में दूसरे चरण में मतदान वाले सभी 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र से मतदान के लिए फेसिलिटेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि अब तक 85 हजार 777 पुलिसकर्मी, 12 हजार 887 आरएसी, 955 जीआरपी, 1 हजार 78 प्राइवेट (ड्राइवर्स) और 1 लाख 12 हजार 447 दूसरे मतदान कार्मिकों की ओर से मताधिकार का उपयोग किया गया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत अब तक 99.15 प्रतिशत मतदाता पर्चियां और 99.49 प्रतिशत मतदाता मार्गदर्शिका वितरित की जा चुकी हैं। दूसरे चरण के लिए कुल 2 करोड़ 73 लाख 13 हजार 870 मतदाता पर्चियां, जबकि 64 लाख 63 हजार 534 मतदाता मार्गदर्शिका वितरित की जा चुकी हैं।



---

**भाजपा पर साधा कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता मोहन प्रकाश ने निशाना**

# बीजेपी पूंजीपतियों की कठपुतली, इलेक्टोरल बॉन्ड बहुत बड़ा स्कैम

**बेधड़क | कोटा**

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मोहन प्रकाश ने कहा कि बीजेपी के पास कोई मैजिक नहीं है। जादूगर तो हमारे पास है। वो खाली फिक्सिंग से जीतता रहा है और पूंजीपतियों का गठजोड़ उसको जीताता रहा है। यह पूंजीपतियों की कठपुतली है। मोहनप्रकाश कोटा के निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड से बड़ा दुनिया में कोई स्कैम नहीं हो सकता। शहर के गुंडे हफ्ता वसूली का काम करते है, उसी तरीके से मोदी, सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल करके अपनी पार्टी को चंदा दिलवाया है। उन्होंने ने बीजेपी प्रत्याशी ओम बिरला पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन परंपराओं को लोकसभा में तोड़ा जा रहा है उसमें सबसे बड़ा रोल कोटा के सांसद ओम बिरला का है। कोटा में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के आने के सवाल पर उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार प्रहलाद गुंजल को संघर्ष का प्रतीक बताया।




पंजाब कांग्रेस जीते चाहे आप, जीत तो इंडिया अलाइंस की होगी इलेक्शन कमीशन ने कैसे बीजेपी उम्मीदवार को विजय घोषित किया? मोहन प्रकाश ने कहा कि सूरत में जो हुआ इसकी जांच होनी चाहिए। अब यह चर्चा चल रही है कि इलेक्शन कमीशन ने कैसे बीजेपी उम्मीदवार को विजय घोषित कर दिया क्योंकि वह नोटा का प्रावधान है। ये क्यों हो रहा है? क्या मोदी जी ऐसा ही भारत चाहते है? वहां उनकी पार्टी का प्रत्याशी विजय हुआ है इसलिए मोदी जी को जवाब देना चाहिए कि कल क्या वो देश के अंदर ऐसा ही चुनाव चाहते हैं। उन्होंने कहा फिक्सिंग के सिवाय कोई ताकत नहीं कि मोदी सरकार वापस आ सकें। पंजाब में आप के खिलाफ चुनाव लड़ने के मुद्दे पर उन्होंने कहा इसलिए अलग लड़ रहे है क्योंकि बीजेपी अकाली व बीएसपी भी पर्दे के पीछे से मिले हुए थे। ये लोग सीधे-सीधे नहीं चल रहे। हम नहीं चाहते कि सत्ता विरोधी वोट उनको जाए। वहां पर कांग्रेस जीते चाहे आप, जीत तो इंडिया अलाइंस की होगी। इस बार अलायंस की जीत होगी। जनता ज़ब देती है तो छप्परफाड़ कर देती है। जैसे जैसे चरण बढ़ेगा, वैसे वैसे मोदी का चरण गिरेगा।

### जयराम रमेश बोले 'हम राम के पुजारी, व्यापारी नहीं'

**उदयपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने कहा कि पहले चरण के चुनाव के बाद देश के प्रधानमंत्री परेशानी में है। अब उन्होंने ध्रुवीकरण का रास्ता अपना लिया है। अपने आप को विश्वगुरु मानते है लेकिन पिछले कुछ दिनों से जिस भाषा का उन्होंने उपयोग किया है, वो विश्व गुरु नहीं विष गुरु है। राज्यसभा सांसद रमेश मंगलवार को उदयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के न्याय पत्र में आर्थिक विषमताओं को लेकर चर्चा है इसलिए पीएम मोदी नई भाषा में बोल रहे हैं। बीजेपी के 400 नारों को लेकर कहा कि उनकी पार्टी के नेता कहते है और सच भी यही है कि भाजपा नया संविधान बनाने के लिए ही तैयारी कर रही है। जयराम ने कहा कि इंडिया गठबंधन चुनाव के नतीजे में निर्णायक भूमिका में रहेगा और चौंकाने वाले नतीजे आएंगे। वे बोले- 2024 का यह लोकसभा चुनाव संविधान को बचाने के लिए लड़ा जा रहा है। राम मंदिर से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि हम राम के पुजारी हैं, राम के व्यापारी नहीं। देश में सामाजिक सुरक्षा, महंगाई, बेरोजगारी और संविधान को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे है। इस दौरान वल्लभनगर की पूर्व विधायक प्रीति गजेंद्र शक्तावत, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता रितु चौधरी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़, डीसीसी संगठन महामंत्री अरुण टांक, फिरोज अहमद शेख आदि उपस्थित थे।


NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR
ESTD. 2017
NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR
Established by the Rajasthan State Legislature vide Act No.2 of 2017 and recognised U/s 2(f) of the UGC Act 1956
शिक्षा • संस्कार • सामर्थ्य
NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR
ADMISSIONS OPEN 2024-25
INNOVATION CULTURE
Inculcate the Spirit of Innovation: Be part of a Culture that Fuels Creativity and Drives Progress
BEST FACULTY
Unlock Your Potential under the Guidance of the Best Faculty: Empowering Minds and Shaping Futures
TOP PLACEMENT
Elevate your Career to New Heights with Premier Placements, where Success Paves its way
GLOBAL TIE-UPS
Broaden your Horizons and Seize Limitless Opportunities across the Globe through International Partnerships
sas
HIGHER SCHOOL OF ECONOMICS
NATIONAL RESEARCH UNIVERSITY
idp
25+ STATES
20000+ STUDENTS' NETWORK
25 Yrs' OF EXCELLENCE IN HIGHER EDUCATION
100+ GLOBALLY RECOGNISED PROGRAMMES
Eligibility & Admission Criteria: As per relevant regulatory body
+91 92898 00300
HOSPITALITY, TOURISM AND TRAVEL MANAGEMENT
COMMERCE AND MANAGEMENT | LEGAL STUDIES
NURSING SCIENCES | APPLIED HEALTH SCIENCES
COMPUTER APPLICATIONS | DENTAL SCIENCES
AGRICULTURE | PARAMEDICAL SCIENCES
ENGINEERING AND TECHNOLOGY | YOGA
ARTS, HUMMANITIES & SOCIAL SCIENCES
BASIC AND APPLIED SCIENCES
PHARMACEUTICAL SCIENCES
SALIENT FEATURES
• Industry Oriented Programmes
• Lush Green Campus
• Modern Infrastructure
• Highly Qualified & Committed Faculty
• ICT Enabled Class Rooms
• Interdisciplinary Research Cell
• Placement Cell
• Wi-Fi- enabled Campus & Hostel
• Separate Hostel for Boys'& Girls'
• Transportation Facilities
• Sports Facilities
• Extra-Curricular Activities
• Admissions through CUET also
• Innovative Teaching-Learning Methodologies
• Earn While Learn.
City Office:
21, Sahkar Marg, 1 Floor, Near 22 Godam Circle, Jaipur | Ph: 0141- 2228000
Campus:
Near Bassi-Rajadhok Toll, Agra Rd., Jaipur (Raj.)

## जरूरी खबर

### पूर्व विधायक को धमकी का आरोपी गिरफ्तार



**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की थाना धोरीमना पुलिस की टीम ने सोशल मीडिया सेल की सूचना पर पूर्व विधायक शिव अमीन खान को सोशल मीडिया पर धमकी भरा मैसेज भेजने के मामले में कार्रवाई कर एक आरोपी को गिरफ्त में लिया है। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि पूर्व विधायक शिव अमीन खान को सोशल मीडिया फेसबुक पर जान से मारने की धमकी भरा पोस्ट की सूचना मिली थी। इस पर पोस्ट वायरल करने वाले युवक की जानकारी कर तुरंत संबंधित थाना धोरीमना पुलिस को सूचित किया गया। आरोपी पारसमल जाट पुत्र भीया राम (24) निवासी भाउड़ा ग्राम पंचायत खारी को नामजद कर गिरफ्तार कर लिया है। पारसमल को पुलिस की टीम ने 5 किमी पीछा कर पकड़ा।

### राजस्व अधिकारियों की मासिक बैठक कल

**सीकर।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर रणजीत सिंह ने बताया कि राजस्व अधिकारियों की मासिक बैठक जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी की अध्यक्षता में 25 अप्रेल गुरुवार को सुबह 11बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार, सीकर में आयोजित की जायेगी।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत



**धौलपुर।** जिले में कंचनपुर थाना क्षेत्र के ऊमरी चौराहे पर मंगलवार तड़के खेत में शौच के लिए जा रहे 22 साल के युवक की जमीन पर टूटे पड़े बिजली के तार की चपेट में आने से मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करा दिया है। कंचनपुर थाने के सहायक उपनिरीक्षक बल्केश्वर दत्त तिवारी ने बताया कि 22 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र मुन्नालाल जाटव निवासी ऊमरी मंगलवार तड़के खेत में शौच के लिए जा रहा था। रास्ते में हाईटेंशन लाइन का तार टूटा हुआ पड़ा था। अंधेरा होने की वजह से युवक का पैर बिजली के तार से टकरा गया, जिससे करंट की चपेट में आ गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा है।

---

**प्रदेशभर में हर्षोल्लास से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव, सालासर मंदिर में केक काटकर मनाया जन्मोत्सव**

# प्रगटे हनुमान लला, मंदिरों में गूंजी बधाइयां ही बधाइयां

बेधड़क | चूरू

प्रदेश भर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हनुमान भक्तों ने अपने आराध्य वीर हनुमान के जन्मोत्सव पर खूब खुशियां बांटी। अलसुबह से हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। सभी ने हनुमान जी को प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगी।

हनुमान जन्मोत्सव पर सालासर बालाजी धाम पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। प्रसिद्ध सालासर बालाजी धाम पर हनुमान जन्मोत्सव पर बड़ी संख्या में भक्त दर्शन करने पहुंचे। सात कतारों से हर घंटे दस हजार श्रद्धालु भगवान




के दर्शन करने पहुंचे। पिछले तीन दिन रविवार से ही मेले भर रहा है। मंगलवार को समापन हो जाएगा। वहीं श्रद्धालुओं के लिए मंदिर प्रशासन ने पीने के पानी और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की है। मेले के लिए मंदिर प्रशासन ने छाया, पानी, सुरक्षा और मेडिकल की पुख्ता व्यवस्था की है। हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष यशोदानंदन पुजारी ने बताया कि इस बार बालाजी के दर्शनों के लिए एक साथ सात लाइन चल रही है। इसके चलते हर एक घंटे में करीब 10 हजार श्रद्धालु बालाजी महाराज के दर्शन कर रहें हैं। मंदिर परिसर सहित कई जगह पर मंदिर कमेटी की तरफ से निजी गार्डों को लगाया गया है। पूरे मेले की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की गई।

### 108 हनुमान चालीसा पाठ और केक काटा गया

सुजानगढ़ के होली धोरा जाजोदिया बगीची स्थित वीर हनुमान मंदिर में सुबह दिव्य ज्योत के बाद बाबा का फूलों का श्रृंगार किया गया। इसके बाद 108 हनुमान चालीसा के पाठ हुए। मंदिर मैनेजमेंट के रामगोपाल बगड़िया ने बताया कि शाम को महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इसी तरह नाथो तालाब स्थित श्रीसंजीवनी बालाजी मन्दिर में सैंकड़ों भक्तों ने अखण्ड ज्योत में आहुति दी। इसके बाद सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के पाठ हुए। संयोजक मुरारी फतेहपुरिया ने बताया कि बालाजी का जन्मोत्सव केक काटकर भी मनाया गया। शाम को संध्या आरती व प्रसाद वितरण होगा। शहर के रुपया वाला मंदिर, गणेशदासजी का मंदिर सहित कई मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना की।

### चाकसू क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में विशेष कार्यक्रम

चाकसू। स्थानीय क्षेत्र में भगवान श्रीराम के प्रिय भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हनुमान जयंती पर मंदिरों में कई धार्मिक कार्यक्रम हुए। कस्बे के वार्ड 17 स्थित नीलकंठ हनुमान महादेव महादेव में आकर्षक सजावट की गई। वहीं हनुमान जी को सिंदूर चोला चढ़ाकर विशेष श्रृंगार किया गया। सामूहिक सुंदरकांड के पाठों में हिस्सा लेकर भक्तिभाव में रमे नजर आए। अन्य मंदिरों में भी दिनभर भजन कीर्तन के बाद भव्य आरती की गई। ग्राम बड़ोदिया पंचायत स्थित प्रसिद्ध बारह बालाजी मंदिर में हर वर्ष की तरह इस बार भी मंगलवार को वार्षिक मेले का आयोजन हुआ। मंदिर समिति अध्यक्ष सुरज्ञान सिंह बड़ोदिया ने बताया कि मेले में दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने बालाजी मंदिर में दर्शन कर मनोकामनाएं मांगी। मेले के अवसर पर बालाजी के मंदिर में विशेष सजावट की गई। मेला व्यवस्थापक गिर्राज सेन, रामफूल मीणा, सचिव रामकिशोर गुर्नर आदि ने व्यवस्था संभाली।

---

**शादी में गए हुए थे पिता, पीछे से घटना आई सामने**

# घर में सो रहे नाबालिग भाई बहन की गला रेत कर हत्या

बेधड़क | बाड़मेर

नवीन बालोतरा जिले के सिवाना पादरू गांव में सोमवार देर रात को घर में सो रहे चचेरे नाबालिग भाई-बहन की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। दूसरे कमरे में सो रहा छोटा भाई रात करीब तीन बजे जब उनके पास पहुंचा तो दोनों लहूलुहान पड़े हुए थे। जिसे देखकर बच्चे ने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद सूचना मिलने पर सिवाना पुलिस मौके पर पहुंची। डीएसपी ने टीम गठित कर हत्यारों की तलाश शुरू कर दी है।

एसपी कुंदन कंवरिया ने बताया कि पादरू फलवाना नाडा गांव निवासी देराराम और नारायणराम दोनों भाई परिवार के साथ शादी में गए हुए थे। देराराम की बेटी इंद्रा (14) और उसका छोटा भाई मनोहर (10) व नारायणराम का पुत्र गौतम (12) कृषि कुएं के पास बने घर पर सो रहे थे। देर रात अज्ञात बदमाशों ने चचेरे भाई-बहन इंद्रा (14) और गौतम (12) की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। रात को करीब तीन बजे दूसरे कमरे में सो रहा मनोहर उठा तो दोनों को जगाने पहुंचा। कमरे में देखा तो इंद्रा और गौतम लहूलुहान पड़े हुए थे।



### टीमें बनाकर हत्यारों की तलाश, सामान भी चोरी हुआ

सिवाना थानाधिकारी राजेंद्र राजपुरोहित के मुताबिक घटना स्थल से सबूत जुटाए है। टीमें बनाकर हत्यारों की तलाश की जा रही है। फिलहाल हत्या करने के पीछे क्या वजह रही है इसका पता नहीं चल पाया है। दोनों बच्चों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिए हैं। डीएसपी सिवाना नीरज शर्मा के निर्देशन में अलग-अलग टीमें बनाकर हत्यारों की तलाश की जा रही है। घर से सामान चोरी होना भी सामने नहीं आया है।

### पुलिस जुटी सबूत जुटाने में

घटना के बाद मनोहर ने अपने पापा को फोन कर बताया कि बहन इंद्रा और गौतम को कुछ हो गया है। देराराम ने गांव से जानकारों को बच्चों के पास भेजा। तब तक गौतम की सांसें चल रही थीं। इंद्रा की मौत हो चुकी थी। गौतम को लोग पादरू हॉस्पिटल लेकर गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थोड़ी देर बाद परिजन घर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पहुंची। फिलहाल पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाने के साथ आरोपियों को पता लगाने की कोशिश कर रही है। दोनों के शवों को पादरू हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। पुलिस घटना स्थल पर एफएसएल टीम को बुलाकर सबूत जुटा रही है।



**7वीं क्लास में पढ़ते थे दोनों बच्चे**

मृतक के मामा रमेश कुमार ने बताया- इंद्रा उसका छोटा भाई मनोहर और चचेरा भाई गौतम घर पर थे। उषा (16) और वीरमाराम (8) माता-पिता के साथ शादी में गए होने गए थे। इंद्रा और गौतम एक कमरे में सो रहे थे। वहीं मनोहर पास ही बने दूसरे कमरे में सो रहा था। देर रात इंद्रा और गौतम की हत्या कर दी गई। दोनों 7वीं क्लास में पढ़ते थे। रमेश कुमार के मुताबिक इंद्रा के एक बहन उषा और दो भाई मनोहर, विरमाराम हैं। गौतम के दो भाई श्रवण कुमार (18) और राजूराम(16) हैं। बच्चों के परिजन खेती-बाड़ी करते हैं। शादी के समारोह में जाने के कारण बच्चों को घर पर छोड़ा था, लेकिन बदमाशों ने दोनों की हत्या कर दी।

---

**बूंदी रोड पर एक होटल में थी शादी**

## मातम में बदली खुशियां शादी के चंद घंटों पहले दूल्हे की करंट से मौत

बेधड़क | कोटा



शहर में नांता थाना क्षेत्र के बूंदी रोड स्थित एक होटल में हृदय विदारक घटना सामने आई है। शादी के कुछ घंटे पहले दूल्हे की मौत हो गई। वर-वधु पक्ष की खबरें मातम में बदल गई। शहर की एक निजी होटल में शादी की रस्मों के दौरान परिजन दूल्हें को हल्दी रस्म के लिए नहलाने ले जा रहे थे। इसी बीच दूल्हे का हाथ एक पोल पर लग गया और दूल्हा अचेत होकर गिर गया। परिजन तुरंत एमबीएस हॉस्पिटल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डीएसपी राजेश सोनी ने बताया कि बूंदी रोड स्थित एक निजी होटल में केशवपुरा इलाके के निवासी सूरज सक्सेना (29) की शादी की रस्में चल रही थीं। दोपहर करीब दो बजे हल्दी की रस्म थी। परिवार और नाते-रिश्तेदार रस्म अदा कर रहे थे। दूल्हे को हल्दी लगाने के बाद स्विमिंग पूल की तरफ नहलाने ले जा रहे थे। स्विमिंग पूल के पास डेकोरेशन के लिए एक पाइप लगा रखा था। दूल्हे ने वो पाइप पकड़ लिया और करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से दूल्हा अचेत होकर गिर गया। परिजन उसे तुरंत एमबीएस हॉस्पिटल लेकर गए, लेकिन उसकी मौत हो गई। शव को एमबीएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। सूरज गुड़गांव स्थित एक कंपनी में काम करता था। दो बहनों का इकलौता भाई था। सोमवार रात को महिला संगीत का कार्यक्रम था। मंगलवार को हल्दी के बाद रात को शादी होनी

डीएसपी राजेश सोनी ने बताया कि सूरज की बिहार निवासी युवती से शादी होनी थी। लड़की के परिजन कोटा आए हुए हैं। वहीं नांता थाना नवल किशोर ने बताया कि घटना में मामला दर्ज कर जांच करेंगे। जांच के बाद ही स्थिति साफ होगी। इधर, होटल मालिक नदीम ने कहा कि हल्दी की रस्म के बाद रिश्तेदार स्विमिंग पूल से बाल्टियां भरकर एक दूसरे पर डाल रहे थे। वहां कूलर लगे हुए थे। पानी से पूरा कारपेट गीला हो चुका था। सम्भवतया अर्थिंग की वजह से करंट लगा है। जिस पोल से करंट आना बता रहे हैं। उसमें कनेक्शन नहीं था।

---

**पेपर देकर बस स्टैंड गई छात्रा के साथ वारदात**

## नौंवी क्लास की नाबालिग को जबरन शराब पिलाकर गैंगरेप

बेधड़क | बीकानेर

लूणकरनसर में नौंवी क्लास की नाबालिग लड़की को जबरन उठाकर ले जाने और उसके साथ गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। आरोपी लड़की को बाइक पर उठाकर ले गए। रेप के बाद रेलवे स्टेशन के पास छोड़कर चले गए। आरोपी एक गांव में वहीं के एक लड़के ने अन्य एक युवक के साथ मिलकर नाबालिग लड़की को सूनसान जगह ले जाकर जबरन शराब पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और घटना के बाद में रेलवे स्टेशन के सामने छोड़कर भाग गए। पीड़िता को गंभीर हालत में एक दुकानदार ने अस्पताल में भर्ती करवाया। लूणकरणसर थाना पुलिस ने नाबालिग के पर्चा बयान पर मामला दर्ज किया। लूणकरणसर की एक सरकारी स्कूल की 9वीं क्लास की छात्रा 22 अप्रैल को स्कूल में पेपर देकर बस स्टैंड गई थी। वहां गांव का ही बबलू नामक युवक एक अन्य युवक के साथ बाइक लेकर आया और नाबालिग को जबरन बाइक पर बैठाकर बीकानेर रोड़ पर सूनसान जगह ले गए। इसके बाद सुनसान इलाके में दोनों ने छात्रा को जबरन शराब पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

---

**गुपचुप अंतिम संस्कार करने पर पकड़ में आया**

## पति ने फरसे से वारकर पत्नी का किया कत्ल

बेधड़क | सीकर

पति-पत्नी के बीच झगड़े के दौरान खूनखराबा हो गया। गुस्साए पति ने फरसे से पत्नी का गला काट दिया। वारदात के बाद परिवार वाले गुपचुप तरीके से महिला के अंतिम संस्कार की तैयारी में लगे थे। तभी किसी पड़ोसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस फौरन सक्रिय हुई और शव को कब्जे में लिया। मामला सीकर जिले से करीब 100 किमी दूर दातांरामगढ़ इलाके के सुरेरा गांव का है। मामले में मंगलवार



दोपहर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाधिकारी भवानी सिंह ने बताया कि थानाधिकारी भवानी सिंह ने बताया कि सुरेरा गांव में सोमवार सुबह करीब 9 बजे शरबती देवी (60) के गले पर पति कालूराम मीणा (67) ने फरसे से 3 वार किए थे। इसके बाद भी उसकी मौत नहीं हुई थी। इसके बाद कालूराम ने फरसे के डंडे से सिर पर वार करना शुरू किया। तब तक करता रहा, जब तक शरबती ने दम नहीं तोड़ दिया। पुलिस ने दावा किया कि कालूराम ने स्वीकार किया है कि उसने अपनी पत्नी शरबती की हत्या की है। कालूराम दमा का मरीज है।

थानाधिकारी भवानी सिंह ने बताया कि घटना सोमवार सुबह करीब 9 बजे की है। परिवार वाले हत्या के बाद घटना को छिपाने की कोशिश करते रहे। पड़ोसियों को घटना के बारे में पता चला।

---

**प्रदर्शन कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग**

# बुलबुल को न्याय दिलाने के लिए बाजार बंद रख सड़कों पर उतरें लोग

**होटल के ब्यूटी पार्लर में मिला था युवती का शव**

बेधड़क | चूरू

शहर के होटल सनसिटी के ब्यूटी पार्लर में एक युवती के फांसी के फंदें पर लटके मिले शव के मामले का तीन बाद भी खुलासा नहीं होने पर विरोध प्रदर्शन जारी है। मृतका बुलबुल (24) को न्याय दिलाने को लेकर मंगलवार को चूरू के बाजार बंद रहे।

सनातन सुरक्षा फाउंडेशन के द्वारा बाजार बन्द का आह्वान किया गया था। शहर के मुख्य बाजार, उतरादा बाजार, रामगढ़िया दरवाजा, जैन मार्केट, राम मंदिर, शास्त्री मार्केट और रेलवे स्टेशन सहित कई बाजारों में दुकाने बंद रही। इधर दूसरी सनातन सुरक्षा फाउंडेशन और अन्य संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मुख्य बाजार के गढ़ चैराहे पर विरोध प्रदर्शन कर जाम लगाया।

बन्द और विरोध प्रदर्शन को देखते हुए डीएसपी सुनील झाझड़िया, कोतवाली थानाधिकारी मुकुट बिहारी, सदर थानाधिकारी बलवंतसिंह, महिला थानाधिकारी करतार सिंह, रतननगर थानाधिकारी जयप्रकाश, दूधवाखारा थानाधिकारी रतनलाल व भालेरी थानाधिकारी जगदीष प्रसाद सहित पुलिस का जाब्ता शहर में तैनात किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए गढ़ चैराहे पर आरएसी भी तैनात की गई।



### नहीं सुलझ रही हत्या और आत्महत्या की गुत्थी

गौरतलब है कि शनिवार की रात शहर के वार्ड 27 की 24 वर्षीय युवती बुलबुल का होटल सनसिटी के ब्यूटी पार्लर में फंदे से लटका हुआ मिला था। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। बुलबुल के परिजनों ने हत्या की आशंका और सुसाइड के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद पुलिस के द्वारा अरशद, अमजद और मुजफ्फर को राउंडअप किया गया था। इस मामले में हत्या या आत्महत्या की गुत्थी पुलिस के द्वारा नहीं सुलझाई गई और ना ही आरोपियों की गिरफ्तारी दिखाई गई। जिसकी वजह से लोगों में आक्रोश देखा जा रहा था।

### अनैतिक गतिविधियां चलाने वाले होटलों पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग

धरने पर बैठे प्रतिनिधियों ने बुलबुल प्रकरण में दोषियों को गिरफ्तार कर निष्पक्ष जांच के साथ कड़ी कार्रवाई करने, शहर के कुछ होटल और कैफे में चल रही अनैतिक गतिविधियों को रोकने, अनैतिक गतिविधियों में लिप्त होटलों पर बुलडोजर चलाया जाने की मांग की। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर एसडीएम बृजेन्द्र सिंह व डीएसपी सुनील झाझड़िया के साथ प्रदर्शनकारियों की वार्ता हुई। वार्ता के बाद मांगो पर सहमति बनी। जिसके बाद जाम हटाया गया। धरने को बुधगिरी आश्रम के संत दिनेश गिरी ने भी संबोधित किया। डीएसपी सुनील झाझड़िया ने कहा प्रदर्शनकारियों की मांगों को धैर्यपूर्वक सुना गया है। सभी मांगों पर सहमति बनने के बाद जाम हटाया गया है।

### युवक के आत्महत्या पर शव थाने के सामने रख किया प्रदर्शन

**बूंदी।** मारपीट के एक मामले में पीड़ित युवक ने आत्महत्या के प्रयास और फिर इलाज के दौरान मौत का मामला सामने आया है। इस मामले में परिजनों ने शव को नमाना थाने के सामने रख प्रदर्शन किया और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। मौके पर पहुंचे तालेड़ा पुलिस उपाधीक्षक तरूण कांत सोमानी को ज्ञापन देकर अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। थाना अधिकारी धर्माराम ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बंजारा समाज के लोगों ने मंगलवार को नमाना थाने के बाहर गणेशपुरा निवासी मृतक लक्ष्मण बंजारा का शव रख आत्महत्या के लिए उकसाने वाले की गिरफ्तारी की मांग की। समाज के लोगों का कहना है कि बलराम गुर्जर के खेत पर लक्ष्मण बंजारा हाली था। उनका आरोप है कि बलराम और जुगराज ने लक्ष्मण के साथ किसी बात को लेकर मारपीट की थी। दोनों भाईयों ने लक्ष्मण को मारने की धमकी भी दी। जिससे हताश होकर लक्ष्मण बंजारा ने 19 अप्रैल को अपनी जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की।

**जरूरी खबर**

## प्रत्यारोपण के लिए जनरेट करनी होगी यूनिक आईडी



**जयपुर।** प्रदेश के राजकीय एवं निजी अस्पतालों में मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण में पूरी पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए लिए डोनर और रिसीवर की यूनिक नोटो-आईडी जनरेट की जाएगी। इसके बिना प्रत्यारोपण संभव नहीं होगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देश पर मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण राजस्थान की समुचित प्राधिकारी डॉ. रश्मि गुप्ता ने प्रत्यारोपण के लिए अधिकृत अस्पतालों के अधीक्षकों एवं प्रबंध निदेशकों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। दिशा-निर्देशों के अनुसार अधिकृत राजकीय या निजी अस्पताल को प्रत्यारोपण के लिए नोटो की वेबसाइट (www.notto.mohfw.gov.in ) पर जाकर 48 घंटों के भीतर अनिवार्य रूप से यूनिक नोटो-आईडी जनरेट करनी होगी।

## ब्लड डोनेट के बाद सीने में दर्द उठा और मौत

**जयपुर।** सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में मंगलवार को ब्लड डोनेट करने के बाद के बाद एक युवक की मौत हो गई। एसएमएस हॉस्पिटल में इमरजेंसी के उप अधीक्षक डॉ. जगदीश मोदी ने बताया कि 27 साल का नीतेश नाम का युवक मंगलवार सुबह अपने नाना को ब्लड देने हॉस्पिटल आया था। ब्लड देने के बाद वह मामा के साथ अस्पताल के बाहर चाय पीने गया था। इस दौरान तेज दर्द हुआ। उसे हॉस्पिटल की इमरजेंसी में लेकर आए। उसे डॉक्टरों ने देखा और सीपीआर दी, लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। डॉ. मोदी ने बताया कि युवक की मौत का प्राथमिक कारण कार्डियक अरेस्ट ही माना जा रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि नीतेश की सीपीआर रूम में ईसीजी की गई। उसकी रिपोर्ट नॉर्मल आई थी। हालांकि डॉक्टर इस घटना को कार्डियक अरेस्ट ही मान रहे हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## हनुमान जयंती: बालाजी के मंदिरों में विशेष आयोजन, छप्पन भोग की झांकियां सजाई

# संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरे...

जयपुर. छोटी काशी के रूप में प्रसिद्ध गुलाबी नगरी में मंगलवार को हनुमान जयंती मनाई गई। इस दौरान हनुमानजी के सभी बड़े छोटे मंदिरों में विशेष आयोजन किए गए। प्राचीन श्रीखोले के हनुमान मंदिर में इस मौके पर बजरंग बली का विशेष श्रृंगार किया गया। छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। हनुमानजी को चांदी की पोशाक धारण करवाई गई। मंगलवार को सुबह से ही खोले के हनुमान मंदिर में भक्तों का आना शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि खोले के हनुमान मंदिर में चल रहे पंचदिवसीय हनुमान जन्मोत्सव का मंगलवार को चौथा दिन था। चौथे दिन हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में विशेष आयोजन किए गए। हनुमानजी का पंचामृत, 108 औषधियुक्त द्रव्यों और विभिन्न तीर्थों के जल से मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक किया गया। उसके बाद सिंदूर का चोला चढ़ाया गया। षोड्शोपचार पूजन और विशेष श्रृंगार किया गया। हनुमानजी महाराज को राजभोग लगाया गया और छप्पन भोग की झांकी सजाई गई।



### शाम को हनुमानजी को धारण करवाई चांदी की पोशाक

हनुमान जयंती पर मंगलवार को हनुमानजी को पोशाकें अर्पित करने वालों का भी तांता लगा रहा। दो घंटे में ही करीब 50 पोशाकें की भगवान हनुमानजी को अर्पित की गई। शाम को हनुमानजी को चांदी की पोशाक धारण करवाई गई। फूलों की विशेष झांकी भी सजाई गई। समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि जयंती के दिन मंगलवार को शाम तक करीब एक लाख से भी ज्यादा भक्तों ने हनुमानजी के दर्शन किए। जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों से भक्त ध्वज यात्राएं लेकर खोले के हनुमान मंदिर पहुंचे। भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है। मंगलवार को मध्याह्न 12 बजे विशेष उत्सव आरती और मध्याह्न 2 बजे से 5 बजे तक हवन का आयोजन किया गया। शाम को 6 बजे गणेश मंडल की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी गई। 24 अप्रैल को शाम 7 से 10 बजे तक युवा कलाकारों की ओर से भजनों की प्रस्तुति के साथ पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन होगा।



### सच बेधड़क ऑफिस हुआ हनुमानमय

## विनायक शर्मा ने बताई जीवन की सच्चाई



**जयपुर।** सच बेधड़क चैनल के कार्यालय में भी मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर अंजनीपुत्र की पूजा अर्चना की गई। भजनों से बालाजी को रिझाया गया। सच बेधड़क के फाउंडर एवं एडिटर इन चीफ और आध्यात्मिक प्रचारक विनायक शर्मा ने हनुमानजी के बारे में विशेष जानकारी देते हुए जीवन की सच्चाई को दर्शाने वाले प्रवचन दिए। इस दौरान वहां मौजूद हर व्यक्ति बालाजी की भक्ति में डूबा नजर आया।



### गायिका आकांक्षा ने भजनों से रिझाया

इससे पूर्व गायिका आकांक्षा ने सच बेधड़क के स्टूडियो में बजरंग बली के सुंदर भजनों के जरिए बालाजी महाराज को रिझाया। इस दौरान उन्होंने एक से बढ़कर एक हनुमानजी के भजन सुनाए। अपनी मधुर आवाज से उन्होंने ऐसा समां बांधा कि पूरे कार्यालय का वातावरण हनुमान मय हो गया।



### राज्यपाल ने मांगी प्रदेश की खुशहाली

हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को राजधानी में जहां हनुमान मंदिरों में विभिन्न आयोजन किए गए, वहीं राजभवन में भी बालाजी की विशेष पूजा अर्चना की गई। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र के साथ राजभवन स्थित राजराजेश्वर मंदिर में अंजनी पुत्र हनुमान जी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने बालाजी के विशेष भोग लगाया। इस दौरान उन्होंने हाथ जोड़कर हनुमान जी की आराधना की। राज्यपाल कलराज मिश्र ने हनुमान जी से प्रदेश और राज्य की जनता की खुशहाली और उनके सुख-संपन्नता के लिए कामना की।



### क्रीड़ा भारती में हनुमान चालीसा पाठ

सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती उपाध्यक्ष मोहित टेलर व सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती संयोजक मनीष शर्मा ने हनुमानजी का पूजन किया। इस अवसर पर सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती सहसंयोजक सतवीर योगी, सुनील शशि व अन्य कार्यकर्ता व क्रीड़ा भारती खेल केंद्र के विद्यार्थी उपस्थित रहे। मोहित टेलर ने हनुमानजी के आदर्शों का अनुसरण करने की अपील की। मनीष शर्मा ने क्रीड़ा भारती के इतिहास की जानकारी दी।




### 11000 लड्डुओं का लगाया भोग

करतारपुरा के श्री मनसापूरण हनुमान मन्दिर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमानजी का सुबह 8 बजे वैदिक मंत्रोचार के साथ दुग्धाभिषेक व रूद्रपाठ किया गया। इसके बाद शाम को 11000 लड्डुओं का भोग लगाकर महाआरती की गई। साथ ही मंदिर में बालाजी की आकर्षक फूल बंगला झांकी सजाई गई। इस दौरान भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में गायक कलाकरों ने भजनों से वीर बजरंग बली को रिझाया। देर रात तक चले कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बजरंगबली का जयकारा लगाते हुए हनुमान जन्मोत्सव मनाया।



### बालाजी को सिंदूरी चोला चढ़ाया

पुरोहितजी का कटला स्थित प्याऊ पीपलेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को विशेष सजावट की गई। हनुमानजी महाराज का पंचामृत से अभिषेक किया गया और सिंदूरी चोला चढ़ाने के बाद नई पोशाक धारण कराई गई। मंदिर परिसर में भजन संध्या हुई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। मंदिर के सदस्य वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक, राजेंद्र टांक, सोमू, हेमंत टांक, राधे, पिंकी, गिर्राज, मुकेश, रोहित ने कार्यक्रम आयोजित किया। वहीं शाम को श्रद्धालुओं के लिए पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया।




### 1.65 अरब की ठगी, अब तक 10 करोड़ भी रिकवर नहीं, 60% मामलों में FR

# ‘एक्सपर्ट’ नहीं होने से साइबर ठगों के सामने ‘फेल’ पुलिस

**ओमप्रकाश शर्मा** | बेधड़क

**जयपुर।** साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा भले ही लाखों रुपए हर माह खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन आमजन को अभी तक राहत नहीं मिल रही है। दरअसल प्रदेश की पुलिस के पास साइबर क्राइम को ट्रेस करने के लिए एक्सपर्ट ही नहीं हैं। ताज्जूब की बात है कि पुलिस जिन लोगों को मोटी पगार पर साइबर क्राइम के मामलों को ट्रेस करने के लिए लगा रखा है, वे भी मामलों को ट्रेस नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में पुलिस को 60 फीसदी मामलों में एफआर लगानी पड़ रही है। वर्ष 2021 से जनवरी माह तक साइबर ठगों ने प्रदेश के लोगों के साथ 1.65 अरब से ज्यादा राशि की ठगी की है।

## तीन साल के आंकड़े : 4567 मामले दर्ज, 1244 में आरोपी ट्रेस, 1937 में एफआर, 1386 में जांच पेंडिंग



### पुलिस की कार्यशैली पर सवाल

पुलिस नाममात्र के मामलों में कार्रवाई करके 10 करोड़ की राशि तक भी रिकवर नहीं कर पाई है। ऐसे में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। पड़ताल में सामने आया कि पिछले तीन साल में प्रदेश के थानों में साइबर ठगी के 4567 के मामले दर्ज हुए हैं। इनमें से पुलिस महज 1244 मामलों में ही आरोपियों को ट्रेस कर पाई है, जबकि 1937 मामलों में अपराधी ट्रेस नहीं हुए तो पुलिस ने एफआर लगा दी। खास बात है कि एक्सपर्ट अनुसंधान अधिकारी नहीं होने के कारण अभी भी 1386 मामलों की जांच पेंडिंग चल रही है।

### एसओजी में 47 मुकदमों में 69.82 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी

पड़ताल में सामने आया कि एसओजी ने पिछले तीन साल में साइबर ठगी के 47 मुकदमे दर्ज किए हैं। इनमें से एसओजी के अधिकारी महज 13 मामलों में ही कार्रवाई कर सके और 13 मामलों में एफआर लगा दी, जबकि 21 मामले अभी पेंडिंग है। एसओजी में दर्ज हुए मुकदमों की माने तो लोगों के साथ साइबर अपराधियों ने 69.82 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की है।

### पुलिस प्रयासरत, पर नहीं मिल रही सफलता

पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने और धरपकड़ के लिए 32 जिलों में साइबर पुलिस थाने शुरू किए हैं, जबकि हेल्पलाइन नंबर 1930 भी शुरू किया है। पुलिस अधिकतर परिवादियों की केवल शिकायत दर्ज करती है, जबकि सरकार ने सभी परिवादियों की एफआईआर दर्ज करने के आदेश दे रखे हैं, लेकिन पुलिस के इन प्रयासों का आमजन को कोई फायदा नहीं मिल पा रहा है।

### इन जिलों में सबसे ज्यादा ठगी

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी किए आंकड़ों की माने तो सबसे ज्यादा बदमाशों ने जोधपुर ईस्ट जिले में 21.36 करोड़ रुपए की सबसे ज्यादा ठगी की है। इसके बाद में उदयपुर के लोगों के साथ 10.57 करोड़, जयपुर वेस्ट में 6 करोड़ रुपए, जयपुर साउथ के 4.40 करोड़, कोटा शहर के लोगों के साथ 4.18 करोड़, जयपुर ईस्ट के लोगों के साथ 3.49 करोड़ रुपए, चूरू के लोगों के साथ 3.48 करोड़ और जयपुर ग्रामीण के लोगों के साथ 3.28 करोड़ से ज्यादा की ठगी की है।

## गणपति प्लाजा की चौथी मंजिल से कूदा युवक

**जयपुर।** गणपति प्लाजा की चौथी मंजिल से कूद कर मंगलवार को एक युवक ने सुसाइड कर लिया। घटना दोपहर करीब डेढ़ बजे की है। जालूपुरा थाना सीआई ममता मीणा ने बताया कि गौरव त्रिपाठी (26) मूल रूप से नया बाजार होली धड़ा जंगली चबूतरा, अजमेर का रहने वाला है। वह कुछ महीने से गणपति प्लाजा की चौथी मंजिल पर स्थित शेखावाटी कॉम्प्लेक्स में ऑफिस बॉय का काम कर रहा था। यहीं पर बने हुए एक कमरे में छोटे भाई के साथ रहता था। गौरव खाना खाने जाने का कह कर ऑफिस से बाहर निकला था। फिर अचानक बालकनी में आकर नीचे कूद गया। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। गौरव की मां ने बताया कि बेटा दिमागी रूप से बीमार था।

# चिंताजनक है मतदान के प्रति उत्साह की कमी!



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

आम चुनाव के पहले चरण में मतदान का जो प्रतिशत सामने आया है, उससे संतुष्ट नहीं रहा जा सकता। इसमें दो मत नहीं कि विगत दशकों की तुलना में नागरिकों की राजनीतिक चेतना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बावजूद इसके मतदान का गिरता प्रतिशत अत्यंत चिंता का विषय है।

देश के अधिकांश संसदीय क्षेत्रों में चुनाव परिणाम की तस्वीर का साफ तौर पर दिखाई देना, मतदान के प्रति अरुचि का एक कारण हो सकता है। लेकिन सवाल किसी व्यक्ति या दल विशेष की जीत-हार का नहीं है। अपितु लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का है। जिसके चलते लोकतंत्र में लोकतंत्र की सार्थकता सिद्ध होती है। लोकतंत्र के चलते नागरिकों में राष्ट्र के प्रति निष्ठा और समर्पण का भाव मतदान के प्रति उत्साह से परिलक्षित होता है। यह निश्चित है कि मतदान के प्रति नागरिकों में उत्साह की कमी के चलते लोकतंत्र में लोकतंत्र की प्रासंगिकता पर ही अनावश्यक रूप से प्रश्नचिन्ह लग जाता है। यह सच है कि वर्तमान दौर में अनेकानेक राजनीतिज्ञ अपनी प्रामाणिकता निरंतर खोते जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त राजनीतिज्ञों की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर भी नागरिकों को इस बात के लिए आश्वस्त नहीं करता कि उनके द्वारा मतदान से उपकृत हुई शख्सियत उनके दुख दर्द को हरने का प्रयास करेगी। यह अविश्वास भी मतदान के प्रति बेरुखी का कारण बनता है।

चुनावी दौर में विभिन्न राजनेता विनम्रता की साक्षात प्रतिमूर्ति बने दिखाई देते हैं। लेकिन उतना ही समर्पित भाव वे निर्वाचित होने के उपरांत आम नागरिकों के प्रति नहीं दर्शाते। उनका नजदीकी नाता उन्हीं से रहा करता है -जो उनके इर्द-गिर्द रहकर हर समय उनकी जय-जयकार किया करते हैं। यह भी देखा गया है कि अपने दल के सामान्य कार्यकर्ताओं के प्रति भी उनका उपेक्षा भाव भरा व्यवहार रहा करता है। लगभग हर एक दल के सामान्य कार्यकर्ताओं को यह शिकायत है कि उनके द्वारा बताए गए जनहित के कार्य को मूर्त रूप देने में जनप्रतिनिधि की उदासीनता रहा करती है। कई बार तो निर्वाचित होने के उपरांत लंबे समय तक जनप्रतिनिधि के क्षेत्र में दीदार तक नहीं हो पाते।

> *“आम नागरिकों के लिए सामान्य तौर पर जीवनयापन ही दुष्कर हो गया है। बेरोजगारी और महंगाई के चलते दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। वरिष्ठ मतदाताओं की मानसिकता तो कुछ ऐसी भी है कि हर बार नेताओं के वादों और नारों पर ऐतबार करते हुए बहुत भरोसे के साथ मतदान किया, लेकिन हासिल क्या हुआ? नित नई समस्याएं उनका जीवन दूभर करती रहीं। चुनावी दौर में तमाम पत्र-पत्रिकाओं में यह सुर्खियों में प्रकाशित होता है कि कौन प्रत्याशी कितने करोड़ का आसामी है? कौन-कौन से अपराध से संबंधित मुकदमे उस पर दर्ज हैं? और कौन कितना धनबलशाली है और कौन बाहुबल स्वामी है? ऐसे प्रत्याशियों की भीड़ में आम नागरिकों को ऐसा कोई चेहरा दिखाई नहीं देता, जो उसकी तरह आम हो और उसकी पीड़ा को समझ सकता हो।”*

वैसे तो यह भी देखा गया है कि नागरिकों का एक वर्ग वर्तमान राजनीति के तौर-तरीकों को देखते हुए राजनीति के प्रति उपेक्षा भाव रखता है। जिसके चलते मतदान के प्रति वह लापरवाह रहा करता है। कुछ एक वर्ग में एक भावना यह भी काम करती है कि ' कोई नृप होऊं हमें क्या हानि। ' यह वर्ग आम तौर पर अर्थतंत्र के बूते पर वक्त आने पर अपना काम निकाल लिया करता है। निश्चित ही जब तक विभिन्न राजनेता अपने आचरण एवं व्यवहार से शुचिता एवं पवित्रता के आधार पर राजनीतिक प्रक्रिया में सहभागी नहीं रहेंगे, तब तक उनका अवमूल्यन होता रहेगा और मतदान का प्रतिशत गिरता रहेगा। इस स्थिति को बदलने की नितांत आवश्यकता है।

नागरिकों के मन में यह आश्वस्ति भी नहीं रह गई है कि राजनीति से जुड़े लोग जो नारे, वादे और इरादे जाहिर कर रहे हैं, वे उसके परिपालन के प्रति दृढ़ संकल्पित रहेंगे ही रहेंगे। एक प्रकार से आम नागरिकों के लिए सामान्य तौर पर जीवन यापन ही दुष्कर हो गया है। बेरोजगारी और महंगाई के चलते दिनोंदिन बढ़ती जा रही आवश्यकताओं की आपूर्ति में उसकी अपनी लाचारगी भी एक अहम कारण है, जिसके चलते नागरिकों में मतदान के प्रति उदासीनता देखी जाती है। वरिष्ठ मतदाताओं के मानसिकता तो कुछ ऐसी भी है कि हर बार नेताओं के वादों और नारों पर ऐतबार करते हुए बहुत भरोसे के साथ मतदान किया। लेकिन हासिल क्या हुआ? नित नई समस्याएं उनका जीवन दूभर करती रही।

चुनावी दौर में तमाम पत्र-पत्रिकाओं में यह सुर्खियों में प्रकाशित होता है कि कौन प्रत्याशी कितने करोड़ का आसामी है? कौन-कौन से अपराध से संबंधित मुकदमे उस पर दर्ज हैं? कौन धनबलशाली है और कौन बाहुबल स्वामी है? ऐसे प्रत्याशियों की भीड़ में आम नागरिकों को ऐसा कोई चेहरा दिखाई नहीं देता जो उसकी तरह आम हो और उसकी पीड़ा को समझ सकता हो। हालांकि कुछ सीधे-सच्चे भी प्रत्याशी होते हैं, लेकिन धनबल और बाहुबल के अभाव में उन्हें स्थापित राजनीतिक दल द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने से आमतौर पर गुरेज किया जाता है। कुल मिलाकर राजनीति में व्याप्त तमाम विकृतियों का संपूर्ण निदान करने पर ही आम नागरिकों में मतदान की ऐसी ललक उत्पन्न हो सकती है, जो शत-प्रतिशत मतदान का कारण बन जाए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## डब्ल्यूएमओ की हालिया रिपोर्ट

# जलवायु खतरों से निपटना बड़ी चुनौती



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

> *“यह खतरा हमारी तैयारियों की तुलना में तेज गति से बढ़ रहा है। उनके अनुसार फसल और लोगों की सुरक्षा के लिए तात्कालिक कार्रवाई की जरूरत है। यदि निर्णायक कार्रवाई अभी नहीं हुई तो सदी के अंत तक अधिकतर जलवायु खतरे विनाशकारी होंगे। यहां सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि यदि तापमान वृद्धि की दर पर अंकुश नहीं लगा तो सदी के अंत तक गर्मी से 1.5 करोड़ लोग मौत के मुहाने तक पहुंच जाएंगे।”*

असलियत में वैश्विक इतिहास में पहली बार आने वाले कुछ सालों में हम वैश्विक गर्मी की वह भयावहता देखेंगे जिसकी अब तक विश्व के पर्यावरणविद और विज्ञानी केवल कल्पना भर ही कर रहे थे। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार अगले पांच साल में पहली बार वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने के 66 फीसदी आसार हैं। पर्यावरण विज्ञानी जेक हौसफादर की मानें तो हमें 1.5 डिग्री से वैश्विक तापमान 2030 से पहले पहुंचने की उम्मीद नहीं है। लेकिन हरेक साल 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान के करीब पहुंचना भी बहुत बडा संकट है। ला नीना से अल नीनो में शिफ्ट होने की स्थिति में जहां पहले बाढ़ आती थी, वहां अब सूखा पड़ेगा और जहां पहले सूखा पड़ता था वहां अब बाढ़ के आने का अंदेशा है।



विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार वैश्विक तापमान की सीमा छूने का अर्थ है कि विश्व 19वीं शताब्दी के दूसरे हिस्से के मुकाबले अब 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म है। दुनिया में तापमान में हो रही बेतहाशा बढ़ोतरी भयावह खतरे का संकेत है। जलवायु परिवर्तन ने इसमें अहम भूमिका निबाही है। दुख इस बात का है कि इस सबके बावजूद दुनिया इसे गंभीरता से नहीं ले रही है। दरअसल तापमान की तुलना का यह वह समय है जब औद्योगीकरण से फासिल फ्यूल का उत्सर्जन शुरू नहीं हुआ था। दुनिया के विज्ञानियों ने अलनीनो के कारण गर्मी के इस तरह के भीषण उफान की उम्मीद जताई है। यह सब कोयला, तेल और गैस के जलाने की सभी सीमाएं पार करने का दुष्परिणाम है। अमेरिका और यूरोप की तेल कंपनियां इसकी सबूत हैं फिर बीते सालों की रिकॉर्ड तोड़ प्राकृतिक घटनाओं को देखते हुए यह कम आश्चर्यजनक नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने में तत्परता से कारगर कदम उठाने में वैश्विक समुदाय उतना सजग नहीं दिखता जितना होना चाहिए।

यही सबसे बड़ी विडम्बना है। चिंता की बात यह है कि बीते साल मार्च 2023 से इस साल 2024 के बीच के बारह महीनों में वैश्विक तापमान ने 1.5 डिग्री की सीमा को लांघ दिया है। इसको देखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटारेस ने चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि आज धरती एक बड़े संकट के मुहाने पर खड़ी है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन डब्ल्यूएमओ की हालिया रिपोर्ट की मानें तो न केवल बीता वर्ष बल्कि पूरा बीता दशक धरती पर अभी तक का सबसे गरम दशक रहा है। संगठन ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यह वर्ष भी गर्मी का रिकॉर्डतोड़ देगा। साल के शुरुआती संकेत इसके सबूत हैं। इस दिशा में यूरोपीय पर्यावरणीय एजेंसी ईईए की मानें तो यूरोप तेजी से बढ़ते तापमान के कारण जलवायु संबंधित खतरों से जूझने के लिए तैयार नहीं है। उसके मुताबिक जंगलों में लगने वाली आग की चपेट में वहां के घर आ रहे हैं, मौसमी आपदाओं का असर वहां के लोगों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर रहा है। इसको लेकर तैयार हालिया रिपोर्ट में ईईए ने कहा है कि इस तरह के 36 प्रकार के जलवायु खतरों से निपटने के लिए और अधिक सक्रिय होने की जरूरत है। इस बाबत ईईए के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर लीना यी मोनानेन कहती हैं कि हमारा नया विश्लेषण कहता है कि यूरोप की जलवायु खतरे में है।

यह खतरा हमारी तैयारियों की तुलना में तेज गति से बढ़ रहा है। उनके अनुसार फसल और लोगों की सुरक्षा के लिए तात्कालिक कार्रवाई की जरूरत है। यदि निर्णायक कार्रवाई अभी नहीं हुई तो सदी के अंत तक अधिकतर जलवायु खतरे विनाशकारी होंगे। यहां सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि यदि तापमान वृद्धि की दर पर अंकुश नहीं लगा तो सदी के अंत तक गर्मी से 1.5 करोड़ लोग मौत के मुहाने तक पहुंच जाएंगे। इस बारे में यदि कोलंबिया यूनिवर्सिटी के मॉडल पर गौर करें तो पता चलता है कि प्रत्येक मिलियन टन कार्बन में बढ़ोतरी से दुनिया भर में 226 अतिरिक्त हीटवेव की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी। यहां इस सच्चाई से इंकार नहीं किया जा सकता कि जीवाश्म ईंधन से कार्बन ऊत्सर्जन के मामले में वर्तमान में चीन शीर्ष स्थान पर है। वह कुल उत्सर्जन में 31 फीसदी के लिए जिम्मेदार है। इसके बाद अमेरिका 26 फीसदी और रूस 20 फीसदी के लिए जिम्मेदार है।

वहीं शुद्ध शून्य कार्बन लक्ष्य की प्राप्ति के बाद भी 55 लाख लोग अनचाहे मौत के मुंह में चले जाएंगे। बीते वर्षों के अध्ययन के बाद शोधकर्ताओं ने कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में हीटवेव ने तकरीब हर महाद्वीप को प्रभावित किया है। इससे जंगलों में आग की घटनाओं में बढ़ोतरी के चलते हजारों मौत के मुंह में चले गए। अकेले 2022 में 60 हजार से ज्यादा लोगों की मौत अभी तक गर्मी के चलते हुई। अब यह साबित हो चुका है और क्लाइमेट चेंज जर्नल में प्रकाशित अध्ययन की मानें तो यदि तापमान में तीन डिग्री की बढ़ोतरी होती है तो जहां हिमालय में सूखा पड़ने की संभावना प्रबल है, सबसे ज्यादा नुकसान इससे कृषि क्षेत्र को उठाना पडेगा। इससे सबसे अधिक भारत और ब्राजील का 50 फीसदी से अधिक कृषि का इलाका प्रभावित होगा। इन देशों में एक से तीस वर्ष तक सूखे का खतरा बना रह सकता है। क्लाईमेट ट्रेंड्स की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव के चलते हिमालय पर कम सर्दी का सामना करना पड़ेगा। इसका कारण ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम का पैटर्न बदलना रहेगा।

वाशिंगटन में सेंटर फार स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के खाद्य विशेषज्ञ कैटलिन वेल्श कहते हैं कि इन मौसमी घटनाओं की वजह से खाद्य सुरक्षा और कीमतों के बारे में चिंताएं लगातार बढ़ रही हैं। इसके चलते उत्तरी अमेरिका, यूरोप और एशिया के बड़े हिस्से के किसान मुश्किल में हैं। दक्षिणी यूरोप में गर्मी के कारण गायें दूध कम दे रही हैं। इटली में अंगूर, खरबूजा, सब्जियां और गेहू उत्पादन तक प्रभावित हुआ है। वहीं मछलियों का आवास भी प्रभावित हुए नहीं रहेगा, क्योंकि जलवायु परिवर्तन से समुद्र का बढ़ता तापमान उन्हें अपना इलाका छोड़ने पर मजबूर कर रहा है। इससे उनकी संख्या में तेजी से गिरावट आ रही है। कारण नए परिवेश में तालमेल बैठा पाना उनके लिए कठिन हो रहा है। इससे मछलियां ही नहीं, बहुतेरी प्रजातियों के खत्म होने का अंदेशा बढ़ता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु समिति के अनुसार यदि धरती के तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस पर रोकना है तो 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को 43 फीसदी तक घटाना होगा। यह समय की मांग है क्योंकि धरती के गर्म होने की रफ्तार अनुमान से कहीं ज्यादा है। आज धरती 1.7 डिग्री सेल्सियस तक गर्म हो चुकी है जो संयुक्त राष्ट्र के मानक तापमान के अनुमान से आधा डिग्री अधिक है। यहां इस सच्चाई को झुठलाया नहीं जा सकता कि दुनिया में चल रहे भू-राजनैतिक संघर्षों के बीच जलवायु परिवर्तन पर ध्यान केन्द्रित रखना बेहद जरूरी और महत्वपूर्ण हो गया है और इसमें ग्लोबल साउथ की भूमिका काफी अहम है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# राजनीति में लंगोट का महत्व



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

लंगोट के राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक महत्व से इंकार नहीं किया जा सकता। भारतीय सामाजिक व्यवस्था भी लंगोट से अछूती नहीं रह पाई है। हर आदमी के पूरे जीवनकाल में एक दिन ऐसा अवश्य आया है, जब उसके भीतर लंगोट धारण करने की भावना कुलबुलाई है। चाहे वह बेरोजगारी में सड़कों पर खाक छानने के बाद आई हो अथवा शादी हो जाने पर या फिर बच्चों के विवाह दायित्वों का अहसास हो जाने पर। भारतीय राजनीति में भी लंगोटे अपना महत्व प्रतिपादित करती रही है। पर जनेता उनके बार कई कारणों से लंगोट में आ गये हैं और वे वहां से आऊट हो गये। हमारे यहां तो साधु-सन्तों की पहचान तथा मुख्य पहनावा रही है लंगोट। पहलवानों में भी लंगोट का चाव रहा है। लेकिन सबसे हैरतअंगेज बदलाव जो लंगोट में आया है वह है लंगोटें आज अपना महत्व खो रही हैं। लोग लंगोट के पक्के नहीं रहे। पहने लंगोटधारी जो कह देते, करते जरूर थे। आज हालात बदल गये हैं, लंगोट की आड़ में इसकी विश्वसनीयता को ठेस पहुंचाई जा रही है।

सबसे कच्चे लंगोट के नेता निकले। कहें कुछ, करें कुछ। मेरे पड़ौस में जो नेताजी रहते हैं वे मन, कर्म व वचन तीनों से झूठे हैं। बातें करेंगे देश को आगे ले जाने की परन्तु तस्करी और कमीशन में करोड़ों हड़पकर देश को ही खोखला कर रहे हैं। रोज उनकी लंगोट के कलर बदल जाते हैं। प्रारम्भ में उन्होंने लाल रंग का लंगोट सिलाया था, परन्तु जल्दी ही उन्होंने उसे हरे रंग में बदल दिया। हरियाली उन्हें बहुत पसन्द है। सावन के जाये को तो दिखता ही हरा-हरा है। बस वे राजनीति में क्या आये अपने जीवन को हरा-भरा करने में लग गये। परिवार-कुटम्बीजनों के अलावा उन्होंने उन्हें निहाल किया जो उन्हें नकद रूपयों की थैलियां अर्पित करते रहे। वार्ड मैंबर से शुरू हुआ उनका राजनीति जीवन इतना परवान चढ़ा कि वे आज अनेक फैक्ट्रियों के मालिक हैं तथा अनेक कम्पनियों में उनके शेयर्स है। आज हालात यह है कि ये अब तो बिलकुल महंगाई पर उतर आये हैं। अब तो हरा लंगोट त्याग दिया है।

वे प्रारम्भ से ही मूल्यों की राजनीति में लगे रहे तो आज स्थिति यह है कि उनका मूल्य इतना बढ़ गया है कि मानवीय मूल्य तो बस मजाक बन गये है उनके सामने। मैं उनके वैभवशाली जीवन से बड़ा चमत्कृत व परेशान था सोचता था काश, यह सब मुझे भी मिलता। परन्तु वैसा कुछ नहीं हो पा रहा था। पड़ोस में होने से यदा-कदा सामयिक विषयों तथा समकालीन राजनीति पर मेरी उनसे बातचीत होती रहती है। इस बार मिले तो मैंने उनसे यही पूछा-'नेताजी आपके लंगोट के बारे में क्या विचार हैं? मेरा मतलब लंगोट का महात्म्य राष्ट्रीय संदर्भ में कुछ है भी या यह कोरा दिखावा है?' बहुत ही सहजता से हंसे और बोले-'लाला तुम ठहरे कलमजीवी। भावुक हो जाते हो बात-बात पर। भारतीय राजनीति में सबकी लंगोट आजकल ढ़ीली हो रही है और राजनीति क्या करवट ले लेगी, कुछ कहा नहीं जा सकता।'

## नॉलेज कॉर्नर: कुछ गिनी चुनी कंपनियां करवा रही अंतरिक्ष की यात्रा

# अब कोई भी कर सकता है स्पेस का सफर

भारत में घूमने के लिए आम आदमी उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, गोवा, साउथ के किसी राज्य या अन्य जगहों पर जाता है। पैसे कुछ ज्यादा हों तो विदेश चला जाता है। इसके अलावा और कहीं जाने की सुविधा है भी नहीं, लेकिन यह बात अब पुरानी हो चुकी है। अब अगर किसी के पास खूब पैसा है तो वह विदेश ही नहीं बल्कि अंतरिक्ष की सैर भी कर सकता है। दुनिया में अब स्पेस ट्रैवल भी मुमकिन हो चुका है। स्पेस ट्रैवल से मतलब वह स्पेस ट्रैवल नहीं जैसे एस्ट्रोनॉट जाते हैं। हम बात कर रहे हैं सिर्फ और सिर्फ घूमने के उद्देश्य से जाने को लेकर। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं कि कैसे आप अंतरिक्ष की सैर कर सकते हैं...

### ट्रैवल में खर्च

जाहिर सी बात है अगर आप पृथ्वी से बाहर जा रहे हैं तो इसमें तगड़ा खर्चा आएगा। यह खर्चा अलग-अलग चीजों को ध्यान में रखकर तय किया जाता है। दुनिया में अभी कुछ ही गिनी चुनी कंपनियां हैं जो अंतरिक्ष की यात्रा कराने में सक्षम है। किसी भी कंपनी की फ्लाइट का टिकट प्राइस एग्जैक्ट तय नहीं है। एक अनुमान की बात करें तो रिचर्ड ब्रैन्सन की वर्जिन गैलेक्टिक कंपनी जो उसे पर ट्रैवल के मामले में काफी आगे हैं उसकी टिकट 2 करोड़ रुपए से शुरू होती है। तो वहीं अमेजॉन कंपनी के मालिक जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू



ओरिजन भी लोगों को स्पेस ट्रैवल करवाती है, लेकिन उसकी टिकट की प्राइस अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। अनुमान है कि यह करीब ढाई से 3 करोड़ तक के बीच में हो सकती है। साल 2021 में एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स ने लोगों को अंतरिक्ष यात्रा पर भेजा था, जिसका कुल खर्च 220 मिलियन डॉलर। यानी करीब 80 बिलियन भारतीय रुपए।

### ऐसे होती है यात्रा

पहले हम आपको बताते हैं कि आगे स्पेस ट्रैवल होता क्या है। सामान्य भाषा में बात करें तो। जिस प्रकार से आप किसी जगह घूमने जाते हैं। वैसे ही आप स्पेस में उसे देखने और घूमने जाते हैं। 1961 में पहली बार कोई इंसान स्पेस में गया था। वह थे तत्कालीन सोवियत संघ के यूरी गागरिन। एक बार जो सिलसिला शुरू हुआ तो फिर चलता ही गया। और अब सिर्फ साइंटिस्ट ही नहीं बल्कि इंसान भी स्पेस में घूमने जा सकते हैं। साल 2001 में अमेरिकी बिजनेसमैन डेनिस टीटो स्पेस का टूर करने वाले पहले व्यक्ति थे। अब बहुत सी कंपनियां भी स्पेस टूरिज्म ऑर्गेनाइज करवा रही है। जहां आपको अंतरिक्ष में ले जाकर वहां के मनोरंजक दृश्य दिखाए जाते हैं।

### पर्यावरण को नुकसान

*रॉकेट जब अंतरिक्ष में जाते हैं तो वातावरण की कई परतों से होकर गुजरते हैं। इसके लिए वो काफी ईंधन इस्तेमाल करते हैं। इससे काफी गैसें निकलती हैं, जो ओजोन परत के लिए नुकसान दायक हैं। केरोसिन आधारित इंजन से भी काफी नुकसान होता है और ओजोन पर नुकसान होने से सीधा असर पृथ्वी पर भी पड़ता है।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

## X



**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री
@narendramodi
आरक्षण का जो हक बाबासाहेब ने हमारे दलित, पिछड़े और आदिवासी भाई-बहनों को दिया, उसमें कांग्रेस और इंडी अलायंस की सेंधमारी की बहुत ही ख़तरनाक योजना है।



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
“घर-घर पहुंच रहा शुद्ध जल
बेहतर बन रहा आज और कल”
“इदं राष्ट्राय इदं न मम” की भावना के साथ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सक्षम नेतृत्व में राजस्थान में जल संकट की समस्या को जड़ से खत्म करने हेतु हमारी सरकार हर स्तर पर निरंतर प्रयासरत हैं। ऐसे ही प्रयासों की सार्थकता को राजस्थानी कला एवं संस्कृति के माध्यम से व्यक्त करता हुआ भागीरथ सॉन्ग राजस्थान की जनता को समर्पित है।

कर्नाटक के चित्रदुर्ग में कांग्रेस महासचिव ने की जनसभा, भाजपा पर बोला जुबानी हमला

# उद्योगपतियों के करोड़ों माफ हो रहे और किसान कर्ज में डूब रहे: प्रियंका

**एजेंसी** | चित्रदुर्ग

कर्नाटक के चित्रदुर्ग में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज की तारीख में केंद्र सरकार देश की सारी संपत्ति केवल कुछ ही लोगों को दे रही है। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज किसानों का कर्ज माफ नहीं किया जा रहा है लेकिन उद्योगपतियों का करोड़ों माफ हो रहा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश के पब्लिक सेक्टर को जिस तरह से बड़े घरानों को दिया जा रहा है, वह पूरा देश देख रहा है। प्रियंका गांधी ने अपने संबोधन में विपक्ष दलों के खिलाफ जांच एजेंसियों की कार्रवाई से लेकर कांग्रेस के बैंक खाते सील किए जाने के मुद्दे तक को उठाया। इसी के साथ प्रियंका गांधी ने इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर भी मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। इलेक्टोरल बॉन्ड में गड़बड़ियों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इसे गैर कानूनी करार दिया। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद सारा डाटा सामने आया।



### नाम क्यों छिपाया गया?

प्रियंका गांधी ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड ही नहीं बल्कि नोटबंदी के माध्यम से भी देश को धोखा देने का काम किया गया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड और नोटबंदी से केवल काले धन को सफेद करने का काम किया। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड काला धन पर रोक लगाने के लिए लाया गया तो उसमें दान देने वाले का नाम क्यों छुपाया गया?

### विपक्षी दलों के दो सीएम जेल में

प्रियंका गांधी ने कहा कि आज विपक्षी दलों पर हमला किया जा रहा है। आज विपक्षी दलों के दो-दो सीएम जेल में हैं। उन्होंने कहा कि जब बीजेपी वाले संविधान बदलने की बात करते हैं तो उनकी बातों को गौर से सुनिये। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज पूरा देश हैरान कि बीजेपी के लोग किस तरह की भाषा में भाषण कर रहे हैं।

### मेरी मां का मंगलसूत्र देश के लिए हुआ कुर्बान

प्रियंका गांधी वाड्रा ने जब जंग हुई थी तो इंदिरा गांधी ने खुद का सोना दान कर दिया था। मेरी मां (सोनिया गांधी) का मंगलसूत्र इस देश को कुर्बान हुआ है। भाजपा के लोग महिला के संघर्ष को नहीं समझ सकते हैं। अगर नरेंद्र मोदी मंगलसूत्र का महत्व समझते तो ऐसी अनैतिक बात नहीं करते। आज वोटों के लिए महिलाओं के लिए ऐसी बात कर रहे हैं। पीएम को शर्म आनी चाहिए। अगर देश की महिलाओं के मंगलसूत्र की चिंता होती तो उनके बेटों को आप रोजगार दिलाते।

## नितेश और गीता जैन के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई**। महाराष्ट्र पुलिस ने मंगलवार को बंबई उच्च न्यायालय को बताया कि उसने भाजपा विधायकों नितेश राणे और गीता जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा कि उन्होंने जांच में पाया कि दोनों ने जनवरी में ठाणे जिले में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान आपत्तिजनक भाषण दिए थे। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने पिछले हफ्ते संबंधित पुलिस आयुक्तों से निजी रूप से इस बात का सत्यापन करने को कहा था कि क्या दोनों नेताओं ने आपत्तिजनक और भड़काऊ भाषण दिया था। लोक अभियोजक हितेन वेनेगांवकर ने आज अदालत को बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि इस साल जनवरी में मीरा भायंदर (ठाणे जिले में) हुई सांप्रदायिक हिंसा के दौरान राणे और जैन द्वारा दिए गए भाषण अपमानजनक थे।

## वेस्ट उत्तर प्रदेश को बनाएंगे अलग राज्य: मायावती



**मेरठ**। बसपा सुप्रीमो मायावती आज मेरठ में हापुड़ रोड पर जनसभा करने पहुंचीं। मायावती कई वर्ष बाद मेरठ में जनसभा करने पहुंचीं। उन्होंने मच से भाजपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा तो वहीं मौका मिलने पर वेस्ट यूपी को अलग राज्य बनाने की बात कही। मायावती ने कहा कि यदि जनता ने हमें केंद्र में सरकार बनाने का मौका दिया तो सबसे पहला कार्य है उत्तर प्रदेश का बंटवारा करके पश्चिम उत्तर प्रदेश बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लखनऊ बेंच की तर्ज पर मेरठ में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की जाएगी। सभी बेरोजगार, दलित, मुस्लिम, गरीब, युवाओं को स्थाई रोजगार यानी सरकारी नौकरी दी जाएगी।

प्रधानमंत्री की छत्तीसगढ़ में रैली, कांग्रेस पर किए वार

# कांग्रेस खुद को भगवान श्रीराम से बड़ा मानती है: पीएम मोदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में दूसरे चरण के चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। इस बीच मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के धमतरी में रैली की। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर से कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कांग्रेस को देश को बांटने वाली पार्टी बताया है। उन्होंने कहा, "कांग्रेस खुद को भगवान श्रीराम से बड़ा मानती है।

धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद पहले दिन से तुष्टीकरण में लगी हुई है। ये कांग्रेस की डीएनए में हैं। दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का हक छीनना पड़े तो एक सेकेंड भी नहीं लगाएंगे। बीजेपी सबका साथ सबका विकास के सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है।

"पीएम मोदी ने आगे कहा कि 60 साल तक एक ही परिवार ने खुद या रिमोट से सरकार चलाई। इस दौरान कांग्रेस के नेता सिर्फ अपना तिजोरी भरने का काम किया। पीएम ने कहा, "कांग्रेसी पूछते थे कि राम मंदिर कब बनाएंगे? हमने मंदिर बनवा दिया। हमने निमंत्रण भी भिजवाया, लेकिन उन्होंने उसे ठुकरा दिया।

### प्रधानमंत्री बोले- तुष्टीकरण की राजनीति कांग्रेस के डीएनए में



क्या ये भगवान राम का अपमान नहीं है? क्या ये छत्तीसगढ़ के लोगों का अपमान नहीं है? उन्होंने ये बातें सक्ती और धमतरी में सभा के दौरान कही।

"मोदी ने कहा, "आज मैं आपको गारंटी दे रहा हूं कि 4 जून को चुनाव नतीजे आने के बाद, तीसरी बार मेरी सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ में रोड, रेल, सिंचाई और इंटरनेट कनेक्टिविटी का और तेजी से विस्तार किया जाएगा। "पीएम ने कहा, कांग्रेस ने ओबीसी के लिए कुछ नहीं किया। साहू समाज को गाली दी। मेरी स्वर्गीय माता जी को गाली दी। कांग्रेस के शाही परिवार के करनी का फल है कि जो गरीब जहां था, वहीं रहा।

कांग्रेस के दशकों के राज में यही रहा। उनके राज में गरीब, आदिवासी, दलित पिछड़े रह गए।

### माओवाद को जड़ से समाप्त करके रहूंगा

मोदी ने कहा, "छत्तीसगढ़ में नक्सली माओवादी हिंसा बढ़ती रही। आखिर ये कांग्रेस और हिंसा का कौन सा कनेक्शन है? जवाब है भ्रष्टाचार। अपना भ्रष्टाचार छिपाने के लिए कांग्रेस इसे बढ़ावा देती रही। लोग जान गंवाते रहे, लेकिन कांग्रेस अपनी तिजोरी भरने में लगी रही।"उन्होंने कहा, "बीजेपी सरकार ने नक्सली हिंसा और भ्रष्टाचार दोनों को काबू किया है। मैं छत्तीसगढ़ को गारंटी देता हूं कि माओवाद को, नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करके रहूंगा। मैं उन हर माता को आश्वासन देता हूं कि आपके बच्चों की जिंदगी बर्बाद न हो, वो बंदूकें लेकर जंगल में भटकने को मजबूर न हो जाएं, मैं वादा करता हूं कि नक्सवाद को जड़ से उखाड़ दूंगा।

### स्केच लेकर खड़ी बच्ची पर पड़ी नजर

छत्तीसगढ़ में जनसभआ के दौरान एक बच्ची पीएम की पेंटिंग काफी देर तक लहराती रही। भाषण दे रहे पीएम की नजर जैसे ही बच्ची पर पड़ी तो उन्होंने वो पेंटिंग अपने पास मंगवा ली। पीएम मोदी ने भाषण के दौरान बच्ची से पूछा कि क्या ये पेंटिंग मेरे लिए लेकर आई हो। बच्ची ने हां में जवाब दिया तो पीएम ने वहां मौजूद पुलिसकर्मियों से वो पेंटिंग अपने पास लाने को कहा। साथ ही पीएम ने बच्ची से कहा कि पेंटिंग के पीछे अपना नाम और पता लिख देना, मैं तुम्हें चिट्ठी लिखूंगा।

बंगाल में बोले अमित शाह

# भाजपा को वोट दें, ममता के गुंडों को उल्टा लटका देंगे



**एजेंसी** | कोलकाता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी में नागरिकता संशोधन अधिनियम को छूने की हिम्मत नहीं है, उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी हिंदू शरणार्थियों को नए कानून के तहत नागरिकता मिलेगी। अमित शाह ने करनदिघी में चुनावी रैली के दौरान कहा तृणमूल के शासन में पश्चिम बंगाल में घुसपैठ बेरोकटोक जारी है। उन्होंने कहा बंगाल की मुख्यमंत्री सीमावर्ती राज्य में घुसपैठ नहीं रोक सकतीं। "क्या ममता बनर्जी घुसपैठ रोक सकती हैं? वह नहीं रोक सकतीं। केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही घुसपैठ रोक सकते हैं।"शाह ने रायगंज से भाजपा उम्मीदवार कार्तिक पॉल के समर्थन में रैली करते हुए कहा पिछली बार आपने हमें 18 सीटें दी थीं। मोदी ने राम मंदिर दिया। इस बार हमें 35 सीटें दीजिए, हम घुसपैठ रोक देंगे।"

### संदेशखाली में किया अत्याचार

शाह ने कथित अनियमितताओं के कारण सरकारी स्कूल कर्मचारियों की लगभग 25,000 नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का भी जिक्र किया। साथ ही कहा ममता बनर्जी "मां, माटी और मानुष" के नारे पर सत्ता में आई थीं। संदेशखाली में मां पर अत्याचार किया गया, माटी को बांग्लादेशी घुसपैठियों को दे दिया गया और मानुष को भ्रष्टाचार की मार झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा, भाजपा को वोट दें, ममता बनर्जी के गुंडों को उल्टा लटकाया जाएगा और सीधा किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ईरानी का कांग्रेस नेता पर निशाना

# राहुल ने सनातन और हिंदुत्व को कमजोर करने का काम किया

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री और अमेठी से बीजेपी उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी ने हमेशा सनातन व हिंदुत्व को कमजोर करने का काम किया है।स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता, दोनों ही सनातन व राष्ट्र विरोधी हैं।

ईरानी का ये हमला राहुल गांधी पर था। उन्होंने आगे कहा कि दोनों ने ही हमेशा से सनातन



तथा हिंदुत्व को कमजोर करने का काम किया है। दरअसल स्मृति ईरानी अपनी लोकसभा सीट अमेठी प्रचार-प्रसार के लिए पहुंची थी। यहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी पर निशाना साधा।

स्मृति ईरानी ने अमेठी संसदीय क्षेत्र के जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के गोसाईं, डोमाडीह, थौरी, रानीगंज में जनसभाओं को संबोधित किया। इसी सभा में वह राहुल गांधी पर जमकर बरसीं। ईरानी ने कहा कि ये कांग्रेस और राहुल गांधी हिंदुत्व का विरोध करते हैं। ये भगवान राम और रामराज का भी विरोध करते हैं। इन्होंने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का न्योता भी ठुकरा दिया, इसलिए जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं।

## BJP ने लद्दाख से ताशी ग्लायसन को उतारा

**नई दिल्ली**। भाजपा ने लद्दाख के सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल का टिकट काट दिया है। इस बार बीजेपी ने लद्दाख लोकसभा से ताशी ग्लायसन को चुनाव मैदान में उतारा है। 2019 में पहली बार लद्दाख से चुनकर संसद में पहुंचे जामयांग सेरिंग नामग्याल ने अनुच्छेद 370 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन विधेयक पर चर्चा के दौरान इस अंदाज में अपनी बात रखी थी कि प्रधानमंत्री तक उनके मुरीद हो गए थे। भारतीय जनता पार्टी ने उनका टिकट काट दिया है। पार्टी ने नामग्याल के स्थान पर ताशी ग्यालसन को लद्दाख से उम्मीदवार बनाया है।

रोहित ने किया तंज, कहा- दो टैंक भी तैनात करने चाहिए

# अजित पवार के बेटे और पत्नी को मिलेगी वाई-प्लस सुरक्षा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार और उनके बेटे पार्थ पवार को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी जा रही है। इस बात पर राकांपा (शरदचंद्र पवार) में पार्थ के चचेरे भाई रोहित पवार ने तंज करते हुए कहा कि पार्थ की सुरक्षा में दो टैंक भी लगाने चाहिए। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार भी इस बार चुनावी रण में उतर चुकी हैं। वे राकांपा की बारामती लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। अजित पवार



के बेटे पार्थ पवार 2019 में मावल की लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने उतरे थे, लेकिन उनको हार का सामना करना पड़ा था। पार्थ पवार इस लोकसभा चुनाव में सुनेत्रा पवार के साथ चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। दोनों को ही वाई प्लस सुरक्षा जा रही है। पुणे पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार का कहना है कि वाई प्लस सुरक्षा कवर देने का फैसला राज्य सरकार ने लिया था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के पदाधिकारी ने कहा कि सुरक्षा चिंताओं के कारण पार्थ को सुरक्षा कवर दिया गया है। उन्होंने कहा, "पार्थ पवार अपनी मां के लिए चुनाव प्रचार के दौरान लोगों तक पहुंच रहे हैं। दूरदराज के इलाकों में घूमने के कारण उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता थी।

कलकत्ता हाई कोर्ट ने दी चेतावनी

# रामनवमी पर जहां भड़की हिंसा, वहां नहीं होने देंगे चुनाव

■ कोर्ट ने मूंजूरी देने से किया इनकार

**एजेंसी** | कोलकाता

रामनवमी पर पश्चिम बंगाल में भड़की सांप्रदायिक हिंसा को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। मंगलवार को अदालत ने चेताते हुए कहा कि इस साल जिन निर्वाचन क्षेत्रों में सांप्रदायिक हिंसा भड़की है, उन जगहों पर वह लोकसभा चुनाव 2024 की मंजूरी नहीं देगी। अगर लोग शांति के साथ कोई जश्न नहीं मना सकते हैं तब चुनाव आयोग से हमारी सिफारिश है कि ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव न हों। कलकत्ता हाई कोर्ट की ओर से ये टिप्पणियां रामनवमी के दौरान हुई हिंसा से जुड़ी घटनाओं (मुर्शिदाबाद में) का न्यायिक संज्ञान लेने के बाद आईं। न्यूज वेबसाइट 'लाइव लॉ' की रिपोर्ट के मुताबिक, सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस टीएस शिवगणनम ने कहा, "हम चुनाव आयोग से सिफारिश करेंगे कि जब लोग कुछ घंटों के लिए शांति के साथ पर्व नहीं मना सकते हैं तब उन्हें संसदीय प्रतिनिधि चुनने का अधिकार भी नहीं दिया जाना चाहिए। ऐसे में चुनाव (वहां पर) टाल दिए जाने चाहिए।"रामनवमी इस बार देश में 17 अप्रैल, 2024 को मनाई गई थी। पश्चिम बंगाल में इस दौरान



कुछ जगहों पर हिंसा भड़क थी। मुर्शिदाबाद में रामनवमी जुलूस के दौरान झड़पों से जुड़ी छिटपुट घटनाओं के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग (ईसी) को जिम्मेदार ठहराया था। झड़प में कथित तौर पर कुछ लोग घायल हो गए थे

### हो सकता है धमाका!

हाई कोर्ट की ओर से आगे कहा गया- कुछ तुच्छ घटनाओं के चलते बड़ा धमाका हो सकता है। ऐसा नहीं होता कि ये सारी घटनाएं पहले से सुनियोजित होती हैं। त्योहार के दिन किसी आदमी के ऊपर कोई चीज सवार हो जाती है और वह हो सकता है बाकी लोगों को भड़काए, लेकिन इस तरह की असिहष्णुता दोनों तरफ से है।

### बहरामपुर संसदीय क्षेत्र पर क्या बोला कलकत्ता उच्च न्यायालय?

कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस दौरान यह भी कहा कि वह चुनाव आयोग के सामने बहरामपुर संसदीय क्षेत्र में होने वाले चुनाव को टालने का प्रस्ताव रखेगा। हिंसा की घटनाओं के बारे में हाई कोर्ट ने राज्य से हलफनामा मांगते हुए मामले को 26 मई तक के लिए स्थगित कर दिया है। इसमें याचिकाकर्ताओं की स्वीकारोक्ति भी दर्ज है कि यह पहली बार है कि बेहरामपुर में रामनवमी पर ऐसी हिंसा हुई।

# महासचिव बिनॉय तमांग छह साल के लिए सस्पेंड

■ बंगाल कांग्रेस में बगावत!

**एजेंसी** | कोलकाता

लोकसभा चुनाव के बीच पश्चिम बंगाल कांग्रेस में बड़ा सियासी घटनाक्रम देखने को मिला। कारण, पार्टी ने पश्चिम बंगाल में राज्य यूनिट के महासचिव बिनॉय तमांग को छह साल के लिए सस्पेंड कर दिया है। पार्टी ने ये कार्रवाई इसलिए की है क्योंकि तमांग ने दार्जिलिंग लोकसभा सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार के बजाय बीजेपी प्रत्याशी राजू बिस्ता के लिए वोटिंग की अपील कर डाली थी।

बिनॉय तमांग ने कहा था कि वह लोकसभा चुनाव में दार्जिलिंग से बीजेपी उम्मीदवार राजू बिस्ता को समर्थन देंगे। प्रमुख गोरखा नेता बिनॉय तमांग कुछ महीने पहले ही कांग्रेस में शामिल हुए थे।बिनॉय तमांग ने दार्जिलिंग सीट से कांग्रेस प्रत्याशी मुनीश तमांग के नाम पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था कि पार्टी हाईकमान ने प्रत्याशी के लिए उनसे राय नहीं ली। इसके बाद अब उन्होंने कहा कि मैं दार्जिलिंग लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी राजू बिस्ता को पूर्ण रूप से समर्थन देना चाहता हूं क्योंकि इससे दार्जिलिंग के पहाड़ी क्षेत्रों के को लोगों को सुरक्षा और न्याय मिल सकेगा। मैं दार्जिलिंग के लोगों, अपने समर्थकों, दोस्तों और रिश्तेदारों से कहना चाहता हूं कि अपना कीमती वोट भाजपा उम्मीवार राजू बिस्ता को दें।

## जरूरी खबर

### तेलंगाना के पेद्दापल्ली में पुल ढहा, जनहानि नहीं



**हैदराबाद।** तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में मनैर नदी पर एक निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा सोमवार और मंगलवार की मध्यरात्रि को ढह गया। हालांकि, इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। यह घटना मुथारम मंडल के ओडेडु गांव में घटी। जिसमें तेज हवाओं के कारण दो गार्डर गिर गए। गनीमत यह रही कि यह घटना देर रात को घटी, जिस समय घटनास्थल पर कोई मौजूद नहीं था। ग्रामीणों ने मंगलवार को घटना के बारे में पुलिस को जानकारी दी। एक किलोमीटर लंबे पुल पर काम 2016 से चल रहा है। हालांकि, बदलते ठेकेदारों और पैसों की कमी के कारण निर्माण कार्य में लगातार देरी हो रही थी।

### राममंदिर: अब चार हजार मजदूर रोजाना करेंगे काम

**अयोध्या।** राममंदिर निर्माण की गति बढ़ा दी गई है। मंदिर सहित अन्य कई प्रकल्पों पर एक साथ काम चल रहा है। 161 फीट ऊंचे राममंदिर का निर्माण कार्य दिसंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी को देखते हुए मजदूरों की संख्या 3500 से बढ़ाकर चार हजार कर दी गई है। राममंदिर के दूसरे तल व शिखर के निर्माण की गति बढ़ा दी गई है। राममंदिर के साथ-साथ परिसर में परकोटा, रिटेनिंग वॉल, सप्त मंडपम व शेषावतार मंदिर के जीर्णोद्धार का काम भी चल रहा है। ये सभी काम इसी साल के अंत तक पूरे किए जाने हैं।

### हाई कोर्ट ने पूर्व डीजीपी की सजा को बरकरार रखा



**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने मंगलवार को यौन उत्पीड़न के एक मामले में तमिलनाडु के पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक राजेश दास को दी गई तीन साल की सजा को रद्द करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम ढांडापानी ने विभिन्न याचिकाओं को खारिज करते हुए दास को निचली अदालत के सामने आत्मसमर्पण करने से छूट देने से भी इनकार कर दिया। दास को विल्लुपुरम की स्थानीय अदालत ने 2021 में एक महिला आईपीएस अधिकारी का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के लिए दोषी ठहराया था। अदालत ने उन्हें तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी।

## सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा और आईसीएमआर के बीच एमओयू



**नई दिल्ली।** सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) ने मंगलवार को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन पर सचिव, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग और महानिदेशक, आईसीएमआर द्वारा हस्ताक्षर किए गए। डॉ. राजीव बहल, और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह इस मौके पर उपस्थित रहे। एमओयू का उद्देश्य बायोमेडिकल अनुसंधान और शिक्षाविदों के क्षेत्र में सहकारी और सहयोगी गतिविधियां शुरू करना है, जो देश और सशस्त्र बलों के लिए प्रासंगिक बहु-विषयक वैज्ञानिक, तकनीकी और शैक्षिक समस्याओं का समाधान करेगा।

## आदेश न मानने पर हाई कोर्ट की CS को फटकार



**नई दिल्ली।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को स्कूल भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई को मुकदमा चलाने की मंजूरी देने का फैसला न करने पर जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि अगर 2 मई तक सीबीआई को मंजूरी देने के मामले पर निर्णय नहीं लिया गया, तो कोर्ट की ओर से आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग पैनल द्वारा की गई स्कूल शिक्षक भर्ती रद्द कर दी है। वहीं मंगलवार को पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को हाईकोर्ट ने 2016 के स्कूल नौकरी मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए पूर्व लोक सेवकों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के लिए 23 अप्रैल तक का समय दिया था।

### कई राज्यों में 43 डिग्री से ऊपर पहुंचा पारा, पहाड़ों पर बर्फबारी

# झुलसने लगा पूर्वी भारत

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि पूर्वी भारत के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी मंगलवार को भी जारी रही और यह देश के दक्षिणी हिस्सों में भी फैल गई। वहीं देश के कुछ हिस्सों में बारिश से राहत भी मिली। इधर पहाड़ों पर मंगलवार को फिर बर्फबारी का दौर चला।

मंगलवार को ओडिशा, पश्चिम बंगाल के गंगा के तटवर्ती इलाके, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से दो से सात डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में पारा 43.5 डिग्री सेल्सियस, कुरनूल में 43.2 डिग्री सेल्सियस, तमिलनाडु के सलेम में 42.3 डिग्री सेल्सियस और इरोड में 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस महीने में लू का यह दूसरा दौर है। आईएमडी के मुताबिक, ओडिशा में 15 अप्रैल से और पश्चिम बंगाल में गंगा के किनारे वाले इलाकों में 17 अप्रैल से लू की स्थिति बनी हुई है।



आईएमडी के मुताबिक, अगले चार से पांच दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में अधिकतम तापमान 2-4 डिग्री सेल्सियस और महाराष्ट्र में 3-4 डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान है। अगले पांच दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, ओडिशा, तमिलनाडु, बिहार, सिक्किम, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और झारखंड के कुछ हिस्सों में लू चलने की संभावना है।

### दिल्ली-NCR में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश, मिली राहत

दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार शाम को तेज हवा और बारिश से अचानक से मौसम बदल गया है। आसमान में बादल छा गए हैं। दिल्ली-एनसीआर में कई जगहों पर मंगलवार को तेज बारिश हुई। दिन में तेज धूप खिली हुई थी, जिस वजह से लोग गर्मी से परेशान थे, लेकिन कुछ समय बाद ही तेज हवा और बूंदाबांदी से मौसम बदल गया है। गुरुग्राम में भी तेज हवा के साथ बारिश हुई। वहीं नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और दिल्ली में भी बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली। काले बादल होने की वजह से शहरों में अंधेरा छा गया।

### रोहतांग में बर्फबारी, शिमला में बूंदाबांदी

हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को मौसम के कई रंग देखने को मिले। रोहतांग सहित सूबे की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई। कुल्लू में अंधड़ चला। शिमला में बूंदाबांदी के बाद धूप खिली। बुधवार को प्रदेश में मौसम मिलाजुला बना रहने के आसार हैं। गुरुवार को पूरे प्रदेश में धूप खिली रहने का पूर्वानुमान है। 26 अप्रैल से फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 28 तारीख तक बारिश, बर्फबारी और अंधड़ का येलो अलर्ट जारी हुआ है।

### पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन का मामला

## सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए रामदेव और बालकृष्ण

■ कोर्ट ने पूछा- क्या आपके विज्ञापनों जितनी बड़ी है आपकी माफी

**एजेंसी | नई दिल्ली**

योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट से मंगलवार को कहा कि उन्होंने भ्रामक विज्ञापन मामले में अपनी ओर से हुई गलतियों के लिए समाचार पत्रों में बिना शर्त माफी प्रकाशित की है।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने रामदेव और बालकृष्ण के वकील से समाचार पत्रों में प्रकाशित माफीनामे को दो दिनों के भीतर रिकॉर्ड में पेश करने को कहा। बता दें, इस मामले में अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी। रामदेव और बालकृष्ण की ओर से पेश वकील ने पीठ से कहा कि वे अपनी गलतियों के लिए बिना शर्त माफी मांगते हुए अतिरिक्त विज्ञापन भी जारी करेंगे। दोनों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि उन्होंने सोमवार को देश भर के 67 समाचार पत्रों में माफीनामा प्रकाशित कराया है। न्यायमूर्ति कोहली ने पूछा, 'क्या माफी आपके विज्ञापनों के आकार के बराबर मांगी गई है?' इस पर रोहतगी ने कहा कि माफी 67 अखबारों में प्रकाशित हुई थी। इसकी लागत दसियों लाख है। वहीं, न्यायमूर्ति कोहली ने कहा कि हम सोच रहे है कि क्या आपके द्वारा प्रकाशित पूरे पृष्ठ के विज्ञापनों के लिए लाखों रुपए खर्च होते हैं? पीठ ने मामले में आगे की सुनवाई के लिए 30 अप्रैल की तारीख तय की। न्यायालय ने रामदेव और बालकृष्ण को 16 अप्रैल को हिदायत दी थी कि वे 'एलोपैथी को नीचा दिखाने' का कोई प्रयास नहीं करें।

### शराब घोटाला: 7 मई तक बढ़ाई गई न्यायिक हिरासत

## केजरीवाल और कविता को नहीं मिली जमानत

**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली शराब घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और बीआरएस नेता के कविता को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल और के. कविता की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ाई है। दोनों नेताओं की न्यायिक हिरासत आज खत्म हो रही थी।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार किया है तो वहीं कविता को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने कविता की जमानत का विरोध किया और बताया कि एजेंसी मामले में नई चार्जशीट तैयार करेगी। ईडी ने कहा कि अभी हम के कविता की भूमिका की जांच कर रहे हैं। अगर जमानत पर बाहर आए तो जांच में बाधा आएगी और सबूतों से छेड़छाड़ हो सकती है। अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर हंगामा मचा हुआ है। आम आदमी पार्टी की ओर से आरोप लगाया गया है कि जेल में उनका ब्लड शुगर लेवल बढ़ रहा है और वजन कम हो रहा है।





अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल में इंसुलिन दी गई है। अरविंद केजरीवाल का ब्लड शुगर लेवल 320 पहुंच गया था, जिसके बाद उन्हें इंसुलिन दी गई। इससे पहले आम आदमी पार्टी की ओर से आरोप लगाया गया था कि केजरीवाल को मारने की साजिश रची जा रही है।

सोमवार को अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल प्रशासन को पत्र लिखा था। उन्होंने पत्र लिखकर इंसुलिन देने की मांग की थी। तिहाड़ जेल के अधीक्षक को पत्र लिखकर उन्होंने कहा था कि वह रोजाना इंसुलिन की मांग कर रहे हैं। साथ ही केजरीवाल ने यह भी कहा कि एम्स के डॉक्टरों ने कभी नहीं कहा कि उनकी सेहत को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है।

### आरबीआई के बुलेटिन में जताई आशंका

## खराब मौसम, भू-राजनीतिक तनाव के कारण बढ़ सकती है महंगाई

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक के अप्रैल बुलेटिन में मंगलवार को कहा गया कि खराब मौसम की स्थिति महंगाई का जोखिम पैदा कर सकती है। बुलेटिन में यह भी कहा गया कि लंबे समय तक भू-राजनीतिक तनाव से कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव दिख सकता है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई मार्च में घटकर 4.9 प्रतिशत हो गया है, जो पिछले दो महीनों में औसतन 5.1 प्रतिशत था। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने महंगाई से जुड़ी चिंताओं का हवाला देते हुए फरवरी 2023 से रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है। आरबीआई की बुलेटिन में प्रकाशित 'स्टेट ऑफ द इकोनॉमी' विषय पर एक लेख में आगे कहा गया है कि वैश्विक विकास की गति 2024 की पहली तिमाही में बनी हुई है, और विश्व व्यापार के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण बन रहा है। लेख में कहा गया है, "भारत में मजबूत निवेश मांग और व्यापार व उपभोक्ता भावनाओं में तेजी की मदद से वास्तविक जीडीपी वृद्धि में तेजी की प्रवृत्ति आगे भी बनी रह सकती है।" बुलेटिन के अनुसार, अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में भारत का सेवा निर्यात, पिछले 30 वर्षों में 14 प्रतिशत से अधिक की मजबूत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा है। यह भारत के व्यापारिक निर्यात वृद्धि (10.7 प्रतिशत) के अलावा वैश्विक स्तर पर सेवा निर्यात की वृद्धि (6.8 प्रतिशत) से काफी अधिक है।

### विसरा रिपोर्ट आई सामने

# मुख्तार अंसारी को जेल में नहीं दिया गया था जहर

**एजेंसी | नई दिल्ली**

मुख्तार अंसारी को जेल में जहर दिए जाने का मामला अब शांत होता हुआ नजर आ रहा है। मुख्तार अंसारी की विसरा जांच की गई थी तो जांच में पता चला कि उसकी मौत जहर देने की वजह से नहीं हुई है। फिलहाल, न्यायिक टीम को विसरा की रिपोर्ट सौंप दी गई है। मुख्तार के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया था कि उसकी मौत जहर की वजह से हुई है। इसके लिए प्रशासनिक और न्यायिक जांच बैठी थी। अब जांच टीम पूरी रिपोर्ट बनाकर बड़े अधिकारियों को सौंपेगी। बता दें कि माफिया मुख्तार अंसारी की 28 मार्च को इलाज के दौरान बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में मौत हो गई थी। मुख्तार के परिजनों ने जेल प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उन्होंने मुख्तार को खाने में जहर दिया है। इस पर मजिस्ट्रेटियल जांच के साथ-साथ न्यायिक जांच के भी आदेश दिए गए थे। वहीं पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी डॉक्टरो ने हार्ट अटैक से मौत की वजह साफ की थी और विसरा सुरक्षित कर जांच के लिए भेजा था। अब विसरा रिपोर्ट आ गई है। इसमें जहर मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट न्यायिक टीम को भेज दी गई है।



### कैसे होती है विसरा की जांच?

किसी व्यक्ति की मौत हो जाने के बाद अगर पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराती है, तो इस दौरान मृत व्यक्ति के शरीर से विसरल पार्ट यानी आंत, दिल, किडनी, लीवर आदि अंगों का सैंपल लिया जाता है, उसे ही विसरा कहा जाता है। अगर किसी व्यक्ति की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में होती है तो परिवार के लोग उसकी मौत की वजह जानने के लिए विसरा जांच करवाते हैं। विसरा की जांच केमिकल एक्जामिनर के द्वारा की जाती है। इस जांच से यह पता लगाने का प्रयास किया जाता है कि मौत का क्या कारण था और मौत कैसे हुई थी। विसरा रिपोर्ट को कोर्ट में सबूत के तौर पर पेश किया जाता है।

### मुख्तार के परिजनों ने दर्ज नहीं कराया बयान

वहीं, दोनो जांच टीमों ने जेल प्रशासन के साथ साथ मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों सहित सभी के बयान दर्ज कर लिए हैं। मुख्तार अंसारी की बैरक की भी जांच की जा चुकी है। अब विसरा रिपोर्ट आने के बाद जांच टीमें रिपोर्ट बनाकर बड़े अधिकारियों को भेजेगी। वहीं, जांच टीम को मुख्तार अंसारी के किसी भी परिजन ने अपना बयान दर्ज नहीं कराया है।

## आंध्र प्रदेश के दो वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले

**एजेंसी | अमरावती**

चुनाव आयोग द्वारा आंध्र प्रदेश के दो वरिष्ठ अधिकारियों के तत्काल तबादले को लेकर आदेश जारी किया गया है। इसके अनुसार आंध्र प्रदेश के इंटेलिजेंस प्रमुख पी सीतारमनजनेयुलु और विजयवाड़ा के पुलिस आयुक्त कांथी राणा टाटा का तत्काल प्रभाव से तबादला किया गया है।

इस बारे में चुनाव आयोग ने आदेश भी जारी किया है, जिसमें दोनों अधिकारियों के तबादले की बात कही गई है। उधर आंध्र प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मुकेश कुमार मीना का कहना है कि आयोग ने दोनों वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया है। चुनाव आयोग ने आगे कहा है कि तबादला होने के बाद इन अधिकारियों को किसी भी चुनावी ड्यूटी में तब तक ना लगाया जाए, जब तक कि दक्षिण भारत में लोकसभा और विधानसभा चुनाव संपन्न नहीं हो जाते आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के काफिले पर पथराव के बाद चुनाव आयोग ने इंटेलिजेंस चीफ पी सीतारमनजनेयुलु और विजयवाड़ा के पुलिस कमिश्नर कांथी राणा टाटा का तबादला किया गया है।

इसके साथ चुनाव आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को बुधवार दोपहर तीन बजे तक दोनों पदों के लिए तीन आईपीएस अधिकारियों का एक पैनल भेजने का निर्देश दिया है।

## BO METER: सीक्वल में पहले पार्ट वाला जादू नहीं जगा पाए दिबाकर बैनर्जी

# LSD 2 चार दिन में भी नहीं कमा पाई जितना LSD का फर्स्ट डे कलेक्शन था

**शिवराज गुर्जर. बेधड़क**

**जयपुर।** लव सेक्स और धोखा (LSD) मूवी अपने टाइम की हिट मूवी रही थी। उसे सिनेमाघरों में दर्शकों का बहुत प्यार मिला था। पहले पार्ट की सफलता को देखते हुए मेकर्स इसका दूसरा पार्ट लव सेक्स और धोखा 2 (LSD 2) लेकर आए। फिल्म सिनेमाघरों में पहुंची, लेकिन दर्शक नहीं के बराबर आए। बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन की बात करें तो फिल्म चार दिन में भी इतनी कमाई नहीं कर पाई, जितनी कि इसके पहले पार्ट लव सेक्स और धोखा ने ओपनिंग डे पर कर ली थी। बात करें लव सेक्स और धोखा 2 (LSD 2) की तो मूवी ने ओपनिंग डे पर बहुत ही धीमी शुरुआत ली। इसका पहले दिन का भारत में नेट कलेक्शन मात्र 15 लाख रुपए रहा। यह इसके पहले पार्ट के ओपनिंग डे के कलेक्शन से सात गुना से भी ज्यादा कम था। दूसरे दिन LSD2 की हालत और भी ज्यादा खराब रही। वर्ड ऑफ माउथ अच्छा नहीं रहने की वजह से शनिवार को फिल्म मात्र 10 लाख ही कमा पाई।






### वीक एंड कलेक्शन मात्र 65 लाख रुपए


लव सेक्स और धोखा 2 (LSD 2) का बॉक्स ऑफिस खिड़की पर भारत में वीकएंड कलेक्शन मात्र 65 लाख रुपए नेट रहा। अलग-अलग देखें तो पहले दिन 15 लाख रुपए, दूसरे दिन 10 लाख रुपए और तीसरे दिन 40 लाख रुपए का नेट कलेक्शन मूवी ने किया।

### मंडे टेस्ट में भी हुई फेल

वीक एंड पर कमजोर रहने के बाद LSD 2 मंडे टेस्ट में भी बुरी तरह से असफल रही। सोमवार को यानी कि चौथे दिन फिल्म ने रिलीज से लेकर अब तक का सबसे कम कलेक्शन किया है। सेकनिल्क के अनुसार LSD 2 ने मंडे को बॉक्स ऑफिस पर भारत में मात्र 8 लाख रुपए का नेट कलेक्शन किया है। इस तरह मूवी ने चार दिन में मात्र 73 लाख रुपए की कमाई की है।

### तीसरे दिन मिला हॉलिडे का फायदा

दो दिन हालत खराब रहने के बाद तीसरे दिन यानी कि रविवार को मूवी को थोड़ा फायदा हुआ। इस दिन सिनेमाघरों में दर्शकों का फुटफॉल करीब 300 प्रतिशत बढ़ा। इसके चलते मूवी की स्थिति संडे को बॉक्स ऑफिस पर थोड़ी सुधरी और इसने 40 लाख रुपए का भारत में नेट कलेक्शन किया।




### LSD का पहले दिन का कलेक्शन रहा था 1.10 करोड़


LSD2 के पहले पार्ट को बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा रेस्पांस मिला था। लव सेक्स और धोखा का पहले दिन का कलेक्शन एक करोड़ 10 लाख था। यह LSD 2 के ओपनिंग डे के कलेक्शन से सात गुना से भी ज्यादा था।

## राज्यपाल को पुस्तक भेंट



**बेधड़क. जयपुर।** देश के 18 शक्ति पीठ और 12 ज्योतिर्लिंग के अनुभवों को पुस्तक में लाकर एक अनूठा प्रयास किया गया। लेखिका सुमिति मित्तल ने किताब शिव शक्ति की पहली प्रति राज्यपाल कलराज मिश्र को भेंट की। किताब में लेखिका ने शिव और शक्ति के स्वरुप को आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दृष्टि से समझाने का प्रयास किया। इस मौके पर उनके साथ समाज सेवी और अन्य लोग मौजूद थे।

## चौरसिया 4 मई को जयपुर में



**बेधड़क. जयपुर।** बांसुरी वादक व संगीतकार पंडित हरिप्रसाद चौरसिया जयपुराइट्स के बीच होंगे और प्रस्तुति से प्रभावित करेंगे। वे बिड़ला सभागार में 4 मई को आयोजन में हिस्सा लेंगे। उनके साथ बांसुरी वादिका सुचिस्मिता और किरण बिष्ट होंगे।

## जय हनुमान की स्क्रिप्ट लॉक

**बेधड़क. जयपुर।** सुपर हिट फिल्म 'हनुमान' के सीक्वल 'जय हनुमान' की स्क्रिप्ट लॉक हो गई है। हनुमान जयंती पर फिल्म के डाइरेक्टर प्रशांत वर्मा ने यह अनाउंसमेंट किया। फिल्म की टीम हनुमान फिल्म के 100 सौ दिन पूरे होने पर हेदराबाद में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद रही। इस मौके पर प्रशांत वर्मा ने बताया कि जय हनुमान की स्क्रिप्ट लॉक कर दी गई है। फिल्म 3डी और आइमेक्स में रिलीज होगी। लीड रोल में पहले पार्ट वाले तेजा सज्जा ही लीड रोल में होंगे। ऐसी चर्चा है कि सीक्वल में हनुमान के रूप में KGF स्टार यश नजर आएंगे।




# City इवेंट्स

## जयपुर फुटबॉल क्लब की शानदार जीत



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के बैनर तले रॉयल फुटबॉल क्लब ग्राउंड में राजस्थान फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के 72 मैचों में से 43-44 नंबर का मैच खेले गए। इसमे सभी टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि पहला मैच रॉयल फुटबॉल क्लब और सनराइज फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। इसमें आखिरी समय तक दोनों ही टीमों ने 1-1 गोल किया और मैच बराबरी पर रहा। दूसरा मैच एएसएल फुटबॉल क्लब और जयपुर फुटसाल फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। इसमें जयपुर फुटसाल फुटबॉल क्लब ने मैच 2-0 से जीता।

## जयपुराइट्स ने किया पौधरोपण

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स ने मंगलवार को टीम-10 ट्री एम्बुलेंस के साथ मिलकर शहर के विद्याधर नगर के सेक्टर 2 के सतलज अपार्टमेंट के पास वाली रोड साइड की ग्रीन बेल्ट में पौधरोपण और श्रमदान किया। इस दौरान कई ग्रुप बनाकर श्रमदान करते हुए ग्रीनरी लाने के साथ साफ-सफाई करने का प्रयास किया। दीवारों और रेलिंग पर रंग और पेंट किया गया। साथ ही पेड़ों को पानी दिया गया। गलियों से पिकअप द्वारा मलवा उठाकर सफाई की गई। इस दौरान हर उम्र के लोग अल सुबह ही एकत्रित हो गए और श्रमदान करते हुए दूसरों को भी सफाई का संदेश दिया।

## डॉ. जयश्री पेरीवाल को एडुलेजेंड अवॉर्ड



**बेधड़क. जयपुर।** ग्लोबल स्कूल लीडर्स कंसोर्टियम की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ. जयश्री पेरीवाल को गुड़गांव में जीएसएलसी वर्ष 2023-24 के लिए एडुलेजेंड अवॉर्ड प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान एम्बेसेडर डॉ. दीपक वोहरा, भारत और अफ्रीका में मेड इन भारत के विशेष सलाहकार प्रधान मंत्री के विशेष सलाहकार और संस्थापक और सीईओ ग्लोबल स्कूल लीडर्स कंसोर्टियम पंकज शर्मा ने दिया। इस अवसर पर डॉ. जयश्री ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से हम स्वयं के साथ देश की प्रगति और विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं। एक शिक्षाविद के रूप में हमारा प्रयास रहा है कि प्रत्येक बच्चे को किताबी शिक्षा के साथ बाहरी दुनिया का ज्ञान प्राप्त हो। उन्हें जीवन में इतना सक्षम बनाना है कि वे जिस क्षेत्र में कदम रखें वहां आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और सफलता हासिल करें।

### अक्षत सीजन 4 डीपीटीएल के पोस्टर का विमोचन

## खिताबी मुकाबले के लिए आज उतरेंगी 16 Sr और 5 Jr टीमें



**बेधड़क | जयपुर**

अक्षत डीपीटीएल का चतुर्थ संस्करण 24 अप्रैल से जय क्लब में आयोजित होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन 'लेट्स प्ले फॉर हेल्थ' के उद्देश्य से डॉ. राजीव बगरहटा, प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज ने किया। कार्यक्रम में लीग पेट्रन डॉ. संदीप निझावन, लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन, कॉर्डिनेटर डॉ. सचिन खट्टर, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. सुधांशु शर्मा, लीग सेक्रेटरी डॉ. अनिल यादव, लीग को चेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज, डॉ. विशाल अग्रवाल, डा. दीपाली पाठक, डॉ. दीपक सैनी, डॉ. ओम मील, डॉ. संकल्प अवस्थी आदि उपस्थित थे।

लीग को चेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि सीजन 4 डीपीटीएल में सोलह टीमें सीनियर और जूनियर वर्ग में पांच टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि सीनियर वर्ग में दबंग और मलंग जोड़ी प्रतियोगिता होगी। लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन ने बताया कि इस संस्करण में सुपरलीजेंड्स ओपन एकल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। चीफ कॉर्डिनेटर डॉ. सचिन खट्टर ने बताया कि लीग में राजस्थान व अन्य राज्यों के 200 चिकित्सक भाग लेंगे।

### आरएएस क्लब में पुस्तक का विमोचन

## नेक कार्यों को समर्पित लोगों की अदम्य भावना है गुमनाम हीरो



**बेधड़क | जयपुर**

'गुरुजीः एक गुमनाम हीरो' साहित्यिक कृति आरएएस क्लब में लॉन्च की गई। अमित असावा और रितिका पचौरी द्वारा सह-लिखित पुस्तक भारतीय इतिहास के महत्वपूर्ण व्यक्ति गोकुल लाल असावा के जीवन की यात्रा है।

सामाजिक न्याय के प्रति उनके समर्पण, विश्वाश और दूरदर्शी नेतृत्व ने राष्ट्र पर अमिट छाप छोड़ी। विमोचन में पैनल चर्चा हुई, जिसमें प्रिंट, डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लोग शामिल हुए।

चर्चा में महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। इसमें किसी उद्देश्य के लिए बलिदान देने का सार, दस्तावेजीकरण की अनिवार्यता और अद्वितीय गुण शामिल थे, जो सामान्य व्यक्ति को असाधारण रूप में अलग करते हैं। सह-लेखक अमित असावा ने टिप्पणी करते हुए कहा, कि किताब 'गुरुजीः एक गुमनाम हीरो' उन व्यक्तियों की अदम्य भावना का प्रमाण है जो अपना जीवन नेक कार्यों के लिए समर्पित करते हैं और समाज पर स्थायी प्रभाव छोड़ते हैं। इस मौके पर कई बुद्धिजीवी साहित्य प्रेमी मौजूद रहे, जिन्होंने दोनों के प्रयासों को सराहा। साथ ही पैनल डिक्शन को ध्यान से सुनते हुए मोटिवेट किया।

**'एकम-2024'** मणिपाल यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम, शामिल हुए देश भर के यंगस्टर्स

# युवाओं ने संगीत-नृत्य-थिएटर-कविता में दिखाया टैलेंट

**बेधड़क | जयपुर**

युवाओं ने संगीत, नृत्य, थिएटर, कविता और अन्य क्षेत्रों में प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच चुना और अपनी बेस्ट परफॉर्म करते हुए स्वयं को साबित किया।

मौका था मणिपाल यूनिवर्सिटी में मंगलवार को आयोजित किए गए कार्यक्रम एकम-2024 का। इसमें देश भर से एमबीए, एमसीए, एमसीओएम, बीसीए, बीबीए, बीसीओएम और एमए-जेएमसी सहित एमयूजे के ऑनलाइन कार्यक्रमों में नामांकित लोगों ने भाग लिया।



### इंटरेक्टिव स्थान बनाने का प्रयास

ऑनलाइन शिक्षार्थियों को मिलने और मूल्यवान कनेक्शन बनाने के लिए एक इंटरेक्टिव स्थान बनाने के लिए हर साल एकम का आयोजन किया जाता है। आयोजन में विशेष रूप से ऑनलाइन शिक्षार्थियों को एक-दूसरे से जुड़ने और बातचीत करने के लिए आयोजित गतिविधियों और कार्यक्रमों की एक शृंखला शामिल थी। इसमें अपने संकाय के साथ मिलने और सार्थक बातचीत करने का अवसर मिला।

### 50,000 से अधिक छात्रों ने करवाया नामांकन

कार्यक्रम का उद्घाटन कमोडोर (डॉ.) जवाहर एम जांगिड़, प्रो. प्रेसिडेंट ने किया। उन्होंने कहा कि हमने ऑनलाइन कार्यक्रमों के लिए छात्रों के नामांकन में वृद्धि देखी है। अब तक 50,000 से अधिक छात्रों ने नामांकन कराया है। सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन निदेशक डॉ. मल्लिकार्जुन गडपा ने कहा कि कार्यक्रम में भाग लेने के लिए देशभर से आए छात्रों को देखकर रोमांचित हूं।

### शैक्षणिक यात्रा में मील का पत्थर

एकम ऑनलाइन शिक्षार्थियों की शैक्षणिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि उन्हें परिसर का अनुभव करने का अवसर मिलता है। ऑनलाइन बीबीए की छात्रा नैना चोपड़ा ने कहा कि एकम ने सभी ऑनलाइन शिक्षार्थियों को अवसर दिया है। हमारी सीखने की यात्रा के एक भाग के रूप में साथियों के साथ मौज-मस्ती भरा और स्वास्थ्यप्रद दिन रहा। साथियों के सामने प्रदर्शन करना भी एक शानदार अनुभव था।



केवल एक चीज है जो किसी सपने का पूरा होना असंभव बनाती है: असफलता का डर।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### छह दशकों में ऐसा पहली बार हुई इतनी बारिश... सड़कों पर चली नावें

# चीन में बारिश से बाढ़, डूब गया दुनिया का मैन्युफैक्चरिंग हब

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन के दक्षिणी प्रांत गुआंगदोंग में ऐसी बारिश हुई है कि बड़ा इलाका तालाब में तब्दील हो गया है। बीते 65 सालों में हुई सबसे ज्यादा बारिश के चलते 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 10 लोग लापता हैं। इस बारिश का सबसे ज्यादा असर गुआंगदोंग की राजधानी गुआंगझू में दिखा है। इसके अलावा पर्ल नदी की तलहटी पर बसे पर्ल रिवर डेल्टा में बड़ा इलाका पानी में डूब गया है। इस बारिश से ऐसी आपदा आई है कि प्रशासन ने करीब सवा लाख लोगों को निकाला गया है। करीब 26 हजार लोगों को शेल्टर होम्स में भेजा गया है। ग्वांगझू में अप्रैल माह में 60.9 सेंटीमीटर बारिश हुई है। 1959 के बाद यह पहला मौका है, जब ग्वांगझू में इतनी भीषण बारिश हुई है। झाओकिंग शहर में तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि एक मौत शाओगुआन सिटी में हुई है। हालांकि यह जानकारी नहीं मिली है कि इन लोगों की कैसे मौत हुई है। बारिश का सबसे ज्यादा असर गुआंगदोंग प्रांत के इन दो शहरों में ही देखने को मिला है।



### पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने गाजा से की कश्मीर की तुलना

# कश्मीर मुद्दे पर ईरान ने नहीं दिया पाक का साथ

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी इन दिनों पाकिस्थान दौरे पर हैं। इस दौरान रायसी ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। हालांकि, साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने कश्मीर के मुद्दे पर इब्राहिम रायसी का समर्थन हासिल करने की कोशिश की। हालांकि उनकी यह कोशिश विफल रही। ईरान के राष्ट्रपति ने इस मुद्दे पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

गौरतलब है कि ईरान के साथ मौजूदा समय में भारत के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध हैं। दोनों देश राजनयिक और व्यापारिक संबंधों को मजबूत कर रहे हैं। इसके साथ ही फिलिस्तीन पर भी भारत और ईरान के बीच बातचीत हो चुकी है। भारत ने इजराइल और ईरान दोनों को ही जंग जैसे स्थिति से पीछे हटने की अपील की थी। भारत और ईरान अपने संबंधों को बेहतर बनाने में जुटे हैं। ऐसे में यह माना जा रहा है कि ईरानी राष्ट्रपति ने कश्मीर के मुद्दे पर चुप्पी साध कर भारत के साथ अपने संबंधों को लेकर संतुलन बनाने की कोशिश की।

#### कश्मीर मुद्दे पर रायसी ने साधी चुप्पी

ईरान के राष्ट्रपति रायसी तीन दिवसीय यात्रा पर इस्लामाबाद पहुंचे। साझा संवाददाता सम्मेलन के दौरान शहबाज शरीफ ने गाजा की स्थिति पर ईरान के रुख को कश्मीर की स्थिति से जोड़ने की मांग की। उन्होंने राष्ट्रपति रईसी को धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं कश्मीर के लिए आवाज उठाने के लिए आपको और ईरान के लोगों को धन्यवाद देता हूं। हालांकि, रायसी ने टिप्पणी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। रायसी ने अपने भाषण के दौरान इस मुद्दे पर कुछ भी कहने से परहेज किया। इसके बजाय रायसी ने कहा कि फिलिस्तीन में उत्पीड़न के खिलाफ लड़ने वालों को ईरान समर्थन देगा। कश्मीर के मुद्दे पर रायसी की चुप्पी शहबाज शरीफ के लिए अपमानजनक थी।



#### जनवरी में ईरान के दौरे पर गए थे विदेश मंत्री

इस साल जनवरी में ईरानी विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन ने तेहरान में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की मेजबानी की थी। दोनों नेताओं के बीच फिलिस्तीन में हिंसा के साथ-साथ ब्रिक्स देशों के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों पर भी चर्चा हुई थी। चूंकि ईरान के भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ द्विपक्षीय संबंध हैं। इसलिए ईरान का कश्मीर पर तटस्थ रुख बनाए रखना महत्वपूर्ण है। ईरान के राष्ट्रपति का पाकिस्तान दौरा बेहद अहम माना जा रहा है। इसकी मुख्य वजह यह है कि ईरान और पाकिस्तान ने एक-दूसरे की जमीन पर कथित आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ जवाबी हमले किए हैं। दोनों देशों अपने टूटे हुए संबंधों को सुधारने की कोशिश में है। पाकिस्तान में नई सरकार बनने के बाद ईरान के राष्ट्रपति रायसी पाकिस्तान का दौरा करने वाले पहले विदेशी नेता हैं।

#### भारत और ईरान के संबंध पुराना

पिछले साल, भारतीय दूतावास ने बताया था कि ईरान और भारत सार्थक संबंधों का एक लंबा इतिहास साझा करते हैं। तेहरान में भारतीय दूतावास द्वारा दिए गए एक प्रेस बयान में कहा गया था कि भारत और ईरान के संबंधों का इतिहास सैकड़ों साल पुराना है। दोनों देशों के बीच मौजूदा संबंध इन ऐतिहासिक और सभ्यतागत रिश्तों की ताकत पर टिका है। इसके साथ ही दोनों देश हाई लेवल पर अपने रिश्तों को आगे बढ़ा रहे हैं। भारत और ईरान वाणिज्यिक और कनेक्टिविटी सहयोग, सांस्कृतिक और दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

#### आम चुनाव के बाद पहले किसी विदेशी नेता का दौरा

इब्राहिम रईसी आठ फरवरी को हुए आम चुनाव के बाद पाकिस्तान का दौरा करने वाले पहले विदेशी नेता हैं। ईरान अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ भी संबंध सुधारने का प्रयास कर रहा हैदोनों देशों ने एक-दूसरे की सीमाओं का उल्लंघन करते हुए चरमपंथी समूहों पर कार्रवाई की थी, जिससे दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव बढ़ गया था।

# मलेशिया में दो हेलिकॉप्टर टकराए, 10 मरे

**एजेंसी** | कुआलालंपुर



मलेशिया में नेवी के दो हेलिकॉप्टर के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में दस लोगों की मौत हो गई है। मलेशिया की रॉयल मलेशियाई नेवी के सालाना कार्यक्रम की रिहर्सल के दौरान दोनों मिलिट्री हेलिकॉप्टर आपस में टकराने से यह हादसा हुआ। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक हेलिकॉप्टर की दूसरे हेलिकॉप्टर से टक्कर होते देखी जा सकती है। ये दोनों हेलिकॉप्टर फेनेक एम-502-6 और एचओएम एम-503-3 थे। पहला हेलिकॉप्टर क्रैश होकर स्टेडियम की सीढ़ियों पर जा गिरा, जबकि दूसरा स्विमिंग पूल में जा गिरा था।

मलेशियाई नौसेना ने इस घटना पर बयान जारी कर कहा कि ये हेलिकॉप्टर नेवी की 90वीं वर्षगांठ पर तीन से पांच मई के बीच होने वाली सैन्य परेड की रिहर्सल कर रहे थे। इस घटना में नेवी ने दस लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। हादसे में मारे गए सभी लोग हेलिकॉप्टर में सवार क्रू मेंबर थे।






### शोधकर्ताओं ने किया खुलासा

# सुलझ गया अब मिनी मून का रहस्य

**एजेंसी** | वाशिंगटन

वैज्ञानिकों ने 8 साल पहले अंतरिक्ष में एक रहस्यमय चीज देखी थी, जो पृथ्वी के साथ सूर्य की परिक्रमा कर रही थी। अब वैज्ञानिकों ने इस रहस्य को हल करते हुए इस क्षुद्रग्रह के बारे में पता लगा लिया है। खगोलविदों का मानना है कि ये पिंड चंद्रमा का एक टुकड़ा हो सकता है।

यही नहीं, उन्होंने वो जगह भी ढूंढ़ निकाली है, जहां से यह अलग होकर बाहर गया था। अब इस टुकड़े को मिनी मून नाम दिया गया है। नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन में पाया गया है कि पृथ्वी के नजदीक मौजूद क्षुद्रग्रह कामोओलेवा स्पेस में किसी चट्टान के चंद्रमा से टकराने की वजह से बना हो सकता है।



#### 2016 में हुई थी क्षुद्रग्रह की खोज

कामोओलेवा की खोज 2016 में हवाई में हलेकाला वेधशाला के शोधकर्ताओं द्वारा की गई थी। इसका व्यास लगभग 100 से 200 फीट है। हर 28 मिनट में यह घूर्णन का अपना एक चक्कर पूरा करता है। क्षुद्रग्रह पृथ्वी के समान पथ पर सूर्य की परिक्रमा करता है। कभी-कभी यह 1.6 करोड़ किमी के भीतर आ जाता है। चेंग और उनके सहयोगियों ने इस बात की गणना की चंद्रमा की सतह से कामोओलेवा जैसे टुकड़े को बाहर निकालने के लिए किस आकार की वस्तु और किस प्रभाव की गति की आवश्यकता होगी। उन्होंने पाया कि 18 किमी प्रति सेकंड की गति और 45 डिग्री के प्रभाव से टक्कर होने के बाद 10 से 20 किलोमीटर गड्ढा छोड़ सकता है।

#### 10 करोड़ साल तक जीवित रहते हैं क्षुद्रग्रह

शोधकर्ताओं ने अपने पेपर में लिखा है कि चंद्रमा पर हजारों क्रेटर हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश प्राचीन हैं। पृथ्वी के करीब क्षुद्रग्रह सूर्य या किसी और ग्रह से टकराने या सौर मंडल से पूरी तरह बाहर निकलने के पहले आम तौर पर लगभग 1 करोड़ वर्ष से लेकर अधिकतम 10 करोड़ वर्ष तक जीवित रहते हैं। शोधकर्ताओं ने जियोर्डानो ब्रूनों पर ध्यान केंद्रित किया जो आकार और उम्र दोनों में मेल खाता था। उन्होंने पाया कि जिस वजह से जिओर्डानो ब्रूनो का निर्माण हुआ, उससे वर्तमान में कामोओलेवा जैसे तीन क्षुद्रग्रह बन सकते थे।


सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl